रोहतक
गुरुवार 19 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 16
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 24.4
न्यून. 13.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 ईशान की सुनामी, लगाई 17 पायदान की छलांग




**SHOWROOMS: HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

**खबर संक्षेप**



## स्वामी रामकृष्ण परमहंस को दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष ने बुधवार को लोक भवन में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल प्रो, असीम घोष ने कहा कि मैं महान संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस को उनकी जयंती पर दिल से श्रद्धांजलि देने के लिए सिर झुकाता हूं। दुनिया भर में भाईचारा, भक्ति और आध्यात्मिक जागृति की उनकी हमेशा रहने वाली शिक्षाएं इंसानियत को प्रेरित करती रहती हैं। राज्यपाल के सचिव डीके बेहेरा, एडीसी शुभम सिंह और लोक भवन के दूसरे बड़े अधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित किए।

## 24 को कुरुक्षेत्र में जुटेंगे किसान नेता : रतनमान

**चंडीगढ़।** भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते सहित कई अन्य लंबित मांगों को लेकर देशभर के प्रमुख किसान संगठनों के नेता कुरुक्षेत्र में इकट्ठे होकर किसानों की आवाज को बुलंद करेंगे। 24 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र स्थित जाट धर्मशाला में राष्ट्रीय स्तर की बैठक का आयोजन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष एवं एसकेएम के सदस्य रतनमान ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते के खतरनाक प्रावधानों से आहत देश के किसानों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## 90% टीबी रोगियों का इलाज सफल: डॉ. मिश्रा

**चंडीगढ़।** हरियाणा में स्वास्थ्य के प्रति दृढ प्रतिबद्धता, डिजिटल नवाचार, मजबूत निदान प्रणाली एवं जनभागीदारी के साथ टीबी को खत्म करने और हर प्रभावित व्यक्ति की सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करने करने के लिए कार्य किया जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रोगियों पर फोकस करते हुए निरीक्षण में टीबी दवा अभियान सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में 90 प्रतिशत रोगियों का इलाज सफल रहा है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 28 तक आवेदन

**चंडीगढ़।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृति प्रदान की जाती है। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण अवश्य करें।

### पहली बार बांगर की धरती पर पहुंचे मुख्यमंत्री, उचाना में धन्यवाद व विकास रैली को किया संबोधित

# कांग्रेस का झूठ अब नहीं चलेगा, अगली बार प्रदेश से सूपड़ा साफ होगा : नायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद/उचाना



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल और केवल दुष्प्रचार करना है। मुद्दा हासिल करने के लिए ये हाथ पांव मार रहे हैं लेकिन इनके पल्ले कुछ नहीं है। बांगर की धरती पर पहले बार पहुंचे मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मनरेगा की आड़ में हुए भ्रष्टाचार को रोकने के लिए केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी ग्रामीण को शुरू किया और अब 100 नही 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी। साथ ही एक लाख 51 हजार 282 करोड़ इसके लिए आवंटित किए लेकिन कांग्रेस इसे लेकर भी दुष्प्रचार करने लगी। कांग्रेस केवल और केवल झूठ बोलती है। 24 घंटे बिजली देने की भी कांग्रेस ने बात कहीं थी लेकिन किया कुछ नहीं। कांग्रेस ने पेंशन के मुद्दे पर भी प्रदेश को गुमराह करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को अनाज मंडी उचाना में धन्यवाद एवं उचाना विकास रैली को संबोधित कर रहे थे।

- कांग्रेस का काम केवल और केवल दुष्प्रचार करना
- राजनीति के लिए मुद्दा हासिल करने के लिए हाथ-पांव मार रहे

### कांग्रेस राज में गरीबों के बच्चों को नहीं मिलती थी नौकरी

उन्होंने कहा कि वो कांग्रेस से पूछना चाहते हैं कि आप झूठी अफवाहें फैला कर लोगों को गुमराह मत करो। जब कांग्रेस सरकार में रिजल्ट आता था तो गरीब के बच्चे का नाम नही आता था। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार में रिक्शा चालक के बेटे का नाम पुलिस भर्ती में आता है। यही अंतर भाजपा और कांग्रेस सरकार के बीच है। यही बात विपक्ष को हजम नही हो रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में उचाना क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नही किया।

### बुढ़ापा पेंशन को लेकर बहकाने का काम किया



उन्होंने कहा कि जितना भ्रष्टाचार इनके (कांग्रेस) के समय में मनरेगा में होता था। उसका नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बदल कर सौ दिन की गारंटी की जगह 125 दिन काम की गारंटी दी है। आज कांग्रेस की न नीयत है और न कोई नीति है। उनके नेतृत्व को विश्व जानता है। यह लोग भारत को बदनाम करने में में लगे हैं। सीएम ने कांग्रेस पर चुटकी पर लेते हुए कहा कि विस चुनाव के दौरान लड्डू भी बना दिए थे लेकिन भाजपा जीत गई। भाजपा की जीत के बाद आजतक ये सदमें से उबरे नही है। कांग्रेस का झूठ अब नही चलेगा। अगली बार भी कांग्रेस का सुपडा साफ होगा। सीएम नायब सैनी ने कहा कि बुढापा पेंशन को लेकर भी कांग्रेस ने लोगों को बहकाने का काम किया। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि उचाना के विकास के पहिए को तीव्र गति से आगे बढ़ाने का काम हरियाणा सरकार करेगी। उचाना क्षेत्र के विकास के लिए 103 करोड़ 31 लाख रुपये की पांच परियोजनाओं के किए उद्घाटन और शिलान्यास किया है।

# प्रदेश में दूषित पानी पीने से लोग मर रहे मुख्यमंत्री दूसरे राज्यों में प्रचार में व्यस्त

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा के पलवल में दूषित पानी से 12 लोगों की मौत का जिम्मेदार मुख्यमंत्री नायब सिंह को करार दिया है। उन्होंने कहा है कि हरियाणा के लोगों को लगातार गंदे पानी की सप्लाई कई महीनों से दी जा रही थी। लेकिन सीएम नायब सिंह की सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें बस दूसरे राज्यों में भाजपा की सरकार बनाने और झूठे प्रचार करने में दिलचस्पी है। ढांडा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में इंदौर में मासूम लोगों और बच्चों की जब जान चली गई तो भी भाजपा सरकार ने जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया था और पूरा सिस्टम भाजपा सरकार को बचाने में लगा रहा था। इसी काम को अब हरियाणा के पलवल में भी अंजाम दिया जा रहा है।

### पलवल में बच्चों सहित 12 लोगों की मौत सरकार जिम्मेदार : ढांडा

पलवल में बच्चों सहित 12 लोगों की मौत में सरकार और मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारी से भागते रहे हैं और पूरा प्रशासन उन्हें बचाने के लिए बेतुके बयान और तर्क दे रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा है कि हरियाणा में कई महीनों से गंदे पानी की सप्लाई लोगों के घरों तक पहुंचाई जा रही थी। जनता केमिकल युक्त ज़हरीला पानी पीने को मजबूर रहे।



साफ़ पानी की मांग कर रहे थे लेकिन नायब सिंह सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। जिसका खामियाज़ा आज हरियाणा के लोगों को अपनी और अपने परिवार की जान गंवाकर भुगतना पड़ा रहा है। आप नेता ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल साबित हो रही है।

### विधानसभा के बजट सत्र को लेकर तैयारियां पूरी

# स्पीकर ने अधिकारियों के साथ की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, आज भी कई बैठकें



**चंडीगढ़।** 20 फरवरी से शुरू होने वाले हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण लगातार बैठकें कर इन तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने बुधवार को हरियाणा, पंजाब सीआईएसएफ और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। इससे पूर्व मंगलवार रात उन्होंने प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के आवास पर पहुंच बजट सत्र में उद्घाटन अभिभाषण बारे औपचारिक बात की। अभिभाषण उपरान्त राज्यपाल के साथ सभी सदस्यों की सेरेमोनियल गेट पर सामूहिक फोटो भी होगी। चंडीगढ़ यूटी प्रशासन को इस बारे में कदम उठाने की जरूरत है। बैठकों का दौर वीरवार को भी जारी रहेगा। सुबह कार्य सलाहकार समिति की तथा शाम को समिति सभापतियों के साथ बैठकें होंगी। हरियाणा, पंजाब और यूटी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की।

- बजट सत्र को लेकर राज्यपाल से मिले कल्याण

# 402 करोड़ की सौर ऊर्जा आधारित सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी

### 94 गांवों के 8900 किसानों को मिलेगा लाभ



**चंडीगढ़।** सतत कृषि और वैज्ञानिक जल प्रबंधन को बढ़ावा देने के मकसद से राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति (एसएलएससी) ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में सूक्ष्म सिंचाई एवं कमान एरिया विकास प्राधिकरण (मिकाडा) के अंतर्गत चार सामुदायिक सौर ऊर्जा आधारित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 402.41 करोड़ लागत की ये परियोजनाएं भिवानी, झज्जर, कुरुक्षेत्र और महेंद्रगढ़ जिलों के 20 ब्लॉकों में स्थित 61 नहरी आउटलेट्स पर लागू की जाएंगी। वर्ष 2026-27 से 2028-29 के बीच पूरी होने वाली इन परियोजनाओं से 11,040 हेक्टेयर कृषि योग्य कमांड एरिया आधुनिक सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के अंतर्गत आ जाएगा तथा 94 गांवों के 8,926 किसानों को सीधा लाभ होगा।

### पाइनलाइन से पहुंचेगा पानी ड्रिप से सिंचाई

परियोजना में सौर ऊर्जा से चलने वाले पंपों का उपयोग करके किसानों के खेतों में पाइपलाइन से पानी पहुंचाया जाता है। किसान ड्रिप विधि से खेती करते है। जिला-वार स्वीकृत राशि में भिवानी के लिए 95.78 करोड़, झज्जर के लिए 114.68 करोड़, कुरुक्षेत्र के लिए 77.17 करोड़ तथा महेंद्रगढ़ के लिए 114.78 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# नवगठित हांसी जिले के लिए पद सृजित करने की प्रक्रिया शुरू

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने नवगठित हांसी जिले में प्रशासनिक कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए बजट सत्र 2026 से पहले सभी जरूरी पद सृजित करने की कवायद शुरू कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा सभी प्रशासनिक सचिवों को जारी पत्र में कहा गया है कि नए जिले की प्रशासनिक संरचना को सुदृढ़ करने हेतु ग्रुप-ए, बी, सी और ग्रुप-डी श्रेणियों के अंतर्गत आवश्यक पदों का सृजन किया जाएगा। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन पदों की आवश्यकता का आकलन करें और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करें।

**रिपोर्ट भेजने के निर्देश:** इसके अतिरिक्त, इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट यथाशीघ्र मानव संसाधन विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बजट सत्र से पूर्व हांसी जिले की प्रशासनिक व्यवस्था पूर्ण रूप से सुदृढ़ हो सके।

# ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में आए स्वास्थ्यकर्मी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की ऑनलाइन तबादला नीति (ट्रांसफर पॉलिसी) को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने विरोध जताया है। गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल से ऑल पैरामेडिकल स्टाफ ने संयुक्त रूप से सिविल सर्जन डा. लोकवीर को ज्ञापन सौंपा। सेक्टर-10 अस्पताल परिसर में सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल और जिला नागरिक अस्पताल के सभी पैरा मेडिकल स्टाफ के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बैठक की गई। बैठक में सभी कर्मचारियों ने इस पॉलिसी का विरोध जताते हुए असहमति जताई। कहा गया कि हरियाणा सरकार मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी-2025 के तहत ऑनलाइन तबादला अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस चरण में 29 विभागों एवं बोर्डों के 271 कैडरों को शामिल किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग भी शामिल है। इंट्रा हरियाणा पोर्टल पर 20 फरवरी तक अपनी जानकारी अपडेट करने को कहा है। इसके बाद तबादला प्रक्रिया शुरू होगी।

- कर्मचारियों को 20 तक पोर्टल पर जानकारी करनी है अपलोड

# बजट सत्र के लिए इनेलो ने दिए 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

**चंडीगढ़।** 20 फरवरी से शुरू होने वाले बजट सत्र के लिए सदन में इनेलो के विधायक दल के नेता आदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर जनहित से जुड़े 11 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, एसवाईएल नहर निर्माण के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए आदेश पर कोई कार्रवाई न किए जाने बारे स्पष्टीकरण, प्रदेश में बढ़ते अपराध के कारण खराब हुई कानून व्यवस्था, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हजारों की संख्या में खाली पड़े शिक्षकों के पद बारे, प्रदेश में बेतहाशा बढ़ रहे नशे बारे, विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की भारी कमी बारे, एचटेट में परीक्षार्थियों से करीब 72 लाख रुपए की अतिरिक्त वसूली करने बारे, वृद्धावस्था सम्मान पेंशन बारे, चंडीगढ़ में विधानसभा भवन के लिए जगह अलॉट न करवा पाने बारे, श्रम मंत्रालय में हुए 1500 करोड़ रुपए के घोटाले सहित अन्य मुद्दों को लिए प्रस्ताव भेजा है।

**शिव स्तुति गायन प्रतियोगिता का आयोजन : चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के संस्कृत प्रकोष्ठ द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव स्तुति गायन प्रतियोगिता एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर वातावरण को पवित्र एवं रसमय बना दिया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समुंदर उर्फ कालिया, पुत्र सीता राम, निवासी गांव-रोहना, थाना खरखौदा, जिला सोनीपत (हरियाणा)** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 221/2020 धारा 33/38/58 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **समुंदर उर्फ कालिया** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **समुंदर उर्फ कालिया** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 221/2020 धारा 33/38/58 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना मौर्य एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समुंदर उर्फ कालिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर पश्चिम
कोर्ट नं.101, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/1905/NW/2026

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 23 दिनांक 04.02.2026, धारा 127(6) थाना लाखन माजरा रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम- समीर
पिता - मनीष
पता- गाँव घरोठी जिला रोहतक।
उम्र-19 वर्ष ।
हुलिया: रंग गोरा गोल चेहरा, पतला शरीर, टी- काली गर्म काली लवर शर्ट व पैरों में हरे रगं की चप्पल पहने हुए है व कद 5 ईचं 8 फुट

दिनांक 03.02.2026 को समीर पिता मनीष गाँव घरोठी जिला रोहतक। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना लाखन माजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9812824374

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 35 दिनांक 13.02.2026, धारा 127(6) थाना आई.एम.टी. रोहतक।

गुमशुदा की तलाश बारे



नाम - रानी
पिता/W/O- मुकेश
पता- गाँव पोलैंगी जिला रोहतका
उम्र-35 वर्ष।
हुलिया - रंग सावंला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, आसमानी रंग का प्लेन सुट व पैरों में लाल रगं की जूते पहने हुए है व कद फुट 5

दिनांक 13.02.2026 को रानी W/O मुकेश गाँव पोलंगी जिला रोहतक। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना आई.एम.टी रोहतक - 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक-9468079674

पीआरडीएच-1084/11/4478/2026/43110/88/6 दि. 18.02.2026

**दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि0 उचाना (जीन्द)**

अल्पावधि निविदा आमंत्रण सूचना

प्रबन्धक, दी हरियाणा सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० उचाना द्वारा अनुभव प्राप्त निविदाकारों द्वारा ट्रकों से लकड़ी की उतरवाई, चिराई व 20000 अनुमानित वुडन करेटस बनाने व उन्हें ट्रकों में लोड करने आदि कार्यों के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उपरोक्त कार्य के लिए नियम व शर्तों के साथ निविदा फार्म पांच सौ रुपये में किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 25-02-2026 दोपहर 12:00 तक उचाना समिति (पुरानी अनाज मंडी) के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाएं 25-02-2026 को दोपहर 1:00 बजे तक ही ली जाएंगी। यह निविदाएं निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों और टेंडर कमेटी की उपस्थिति में दिनांक 25-02-2026 को दोपहर 3 बजे समिति कार्यालय उचाना, (पुरानी अनाज मंडी) में खोली जाएंगी।

हस्ता/-प्रबन्धक
दी हरियाणा सहकारी विपणन
एवं प्रसाधन समिति लि., उचाना

**डिमांड नोटिस**

चूंकि परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे वर्णित ट्रस्टों के लिए ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में कार्य करते हुए) (यहां इसके पश्चात "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) कम्पनी अधिनियम 1956 के तहत निगमित और प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण (यहां इसके पश्चात "दि सरफेसी एक्ट" के रूप में संदर्भित) के भारतीय रिजर्व बैंक के पास एक परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, का प्राधिकृत अधिकारी और चूंकि नीचे वर्णित चार्ट के कॉलम सं. 2 में वर्णित अनुसार कर्जदार/सह-कर्जदारों ने आईआईएफएल-होम फाइनेंस लि. मूल ऋणदाता से ऋण प्राप्त किया और चूंकि एआरसीआईएल ने सर्फेसी एक्ट के तहत सिक्योर्ड क्रेडिटर के नाते यहां नीचे वर्णित ऋण अकाउंट्स के सम्बन्ध में वित्तीय परिसम्पत्तियों का अधिग्रहण किया और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें सूचना की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचनाओं में वर्णित राशि सहित उन पर आगे के ब्याज का पुनर्भुगतान करने के लिए यहां नीचे वर्णित अनुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों का आह्वान किया, परन्तु उन नोटिसों में से कुछ की विभिन्न कारणों की वजह से तामिल नहीं हो सकी। **ट्रस्ट का नाम : एआरसीआईएल-ट्रस्ट-2026-015**

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री जयप्रकाश स्टाइलो माफिकया यूनिसैक्स सैलून श्रीमती ज्योति (प्रोस्पेक्ट नं. IL10685611) | 05-जन.-26, रु. 3151442.58 (रुपये इकतीस लाख इक्यावन हजार चार सौ बयालीस और अठावन पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 212 खाता नं. 279 मुस्तिल नं. 19 किल्ला नं. 3 रोहतक, हरियाणा-124001 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Super_Built_Up_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 639.00, 1150.20, 1150.20 |
| श्री विक्रम देव सिंह श्री नरवीर सिंह श्री प्रेम सिंह श्री राजन देव सिंह श्रीमती मंदेश (प्रोस्पेक्ट नं. IL10737110) | 05-जन-2026, रु. 803814.4/- (रुपये आठ लाख तीन हजार आठ सौ चौदह और चार पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- खेवट नं. 1094,1095, खतौनी नं. 1287,1288 मुरब्बा नं. 56 किल्ला नं. 15/1/2 और अन्य आईएनडी, हरियाणा, भारत 126102 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1836.00, 866.00 |
| श्री साहिल श्री राजेश, श्रीमती सुमन राजेश राज मिस्त्री (प्रोस्पेक्ट नं. IL10703717) | 05-जन.-26, रु. 1251692.94/- (रुपये बारह लाख इक्यावन हजार छह सौ बानवे और चोरानवे पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- प्लॉट नं. 47, खेवट नं. 342, खतौनी नं. 368, उत्तम नगर 2, फुसगढ़, करनाल-132001 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 507.00, 456.30 |
| श्री सुभाष श्रीमती मनप्रीत कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10718788) | 05-जन.-26, रु. 863963.26/- (रुपये आठ लाख तरेसठ हजार नौ सौ तरेसठ और छब्बीस पैसे केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- वाका मौजा शाहजहापुर, म. नं. 246, तहसील रायपुर रानी, जिला पंचकूला, हरियाणा-134204 में स्थित खेवट नं. 45, खतौनी नं. 74,75, खसरा नं. 105(0-19), 139(0-2), 35//21(8-0), 22(8-0), 23/1(4-9) में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1530.00, 840.00 |

इसलिए सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अंदर, सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार के विरुद्ध, यहां ऊपर दर्शाये अनुसार कुल बकाया राशि का भुगतान करने के लिए उनका आह्वान करते हुए, यहां ऊपर वर्णितानुसार कर्जदारों/सह-कर्जदारों को नोटिस दिया जाता है। सम्बन्धित कर्जदार/सह-कर्जदार द्वारा आगे के ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल ऊपर वर्णित अनुसार सम्पत्तियों पर प्रतिभूति हित के प्रवर्तन के लिए धारा 13(4) के तहत कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, अधिनियम और यहां इनके तहत बनाए गए नियमों के अन्तर्गत निर्धारित अनुसार अन्य तरीकों से सूचना की तामिल के लिए कदम भी उठाए जा रहे हैं। आपको नोटिस दिया जाता है कि सरफेसी एक्ट की धारा 13 (8) में वर्णित अनुसार बिक्री द्वारा हस्तांतरण के लिए निजी सन्धि अथवा सार्वजनिक नीलामी के लिए सूचना के प्रकाशन की तिथि से पूर्व किसी भी समय सम्पूर्ण देय राशि के साथ-साथ लागत, परिव्यय और एआरसीआईएल द्वारा किए गए व्यय के भुगतान करने पर उक्त गिरवी को छुड़ाया जा सकता है। ध्यान दें कि सरफेसी एक्ट की एस-13 (13) के सम्बन्ध में, आपको बिक्री द्वारा, लीज अथवा किसी अन्य तरीके से प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के साथ डीलिंग और/अथवा हस्तांतरण करने से एतद द्वारा निषेध किया जाता है।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 19.02.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि. (ट्रस्टी के तौर पर क्षमता में)

**परिसम्पत्ति पुनर्निर्माण कम्पनी (इंडिया) लि.** CIN No.-U65999MH2002PLC134884
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर (पश्चिम), मुम्बई- 400028. Tel: +91 2266581300. Website: www.arcil.co.in

रजिस्ट्री सं० डी० एल०- 33004/99 REGD.NO.D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-07022026-269882
CG-DL-E-07022026-269882
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 510] नई दिल्ली, बुधवार, फरवरी 4, 2026/माघ 15, 1947
No. 510] NEW DELHI, WEDNESDAY, FEBRUARY 4, 2026/MAGHA 15, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 3 फरवरी, 2026

**का.आ. 539(अ).**—केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि हरियाणा राज्य के महेन्द्रगढ़ जिले में इस्माईलाबाद (गंगहेड़ी) – नारनौल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152डी के कि.मी. 185.800 से कि.मी. 227.020 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/4-लेन/6-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला राजस्व अधिकारी, महेन्द्रगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**हरियाणा राज्य के महेन्द्रगढ़ जिले में इस्माईलाबाद (गंगहेड़ी) – नारनौल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152डी के कि.मी. 185.800 से कि.मी. 227.020 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

[फा. सं. : EC08/07/GF/3a1/3A]
शेख अमीन खान, निदेशक

जिला : महेन्द्रगढ़
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 03 फरवरी, 2026
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोटः इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

रोहतक

गुरुवार 19 फरवरी 2026

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 30, अंक : 16
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 24.4
न्यून. 13.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,734.25 | 283.29 ▲ |
| निफ्टी | 25,819.35 | 93.95 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,59,200/- | 4000/- ▲ |
| चांदी | 2,43,000/- | 20000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 90.67 | 5 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 67.57 बैरल | | 0.22% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# चीनी 'रोबोटिक डॉग' को अपना बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चीन में निर्मित एक 'रोबोटिक डॉग' को अपने स्वयं के नवाचार के तौर पर प्रदर्शित करने को लेकर हुए विवाद के बाद गलगोटिया विश्वविद्यालय को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था।

*आयोजकों ने पवेलियन की बिजली काटी, बेरिकेडिंग की*

*यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था*

*चाइना पल्स ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कर किया था दावा*

## विवाद बढ़ा तो माफी मांगी, कहा-एक प्रतिनिधि ने उत्साह में गलत टेक्निकल जानकारियां दीं



### वीडियो वायरल होने पर बवाल

यह विवाद तब शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय में संचार की प्रोफेसर नेहा सिंह ने मंगलवार को 'ओरियन' नामक एक 'रोबोटिक डॉग' को दिखाते हुए कहा था कि इसे " गलगोटिया विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस द्वारा विकसित किया गया है। वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद लोगों ने इस रोबोट के वास्तव में एक 'यूनिट्री गो2' होने की बात कही जिसे चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा निर्मित किया गया है। इसका इस्तेमाल आमतौर पर दुनिया भर में अनुसंधान एवं शिक्षा के लिए किया जाता है। विवाद अधिक बढ़ने पर विश्वविद्यालय को स्टॉल खाली करने के लिए कहा गया है।

**यूनिट्री जीओ2 रोबोटिक डॉग की कीमत 2 लाख**

1 यूनिट्री जीओ2 चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स कंपनी द्वारा बनाया गया एक एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है।

2 इसमें 4डी लीडार तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, जिसकी मदद से यह सीढ़ियां चढ़ने, ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने और अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानता है।

3 लगभग 2 से 3 लाख रुपये की कीमत वाला यह रोबोट वॉयस कमांड पर भी काम करता है और मुख्य रूप से तकनीकी रिसर्च और शिक्षा के क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है।

### यूनिवर्सिटी ने दी यह सफाई

एआई समिट में हुई इस घटना के लिए गलगोटिया यूनिवर्सिटी माफी मांगी है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि उनके स्टॉल पर मौजूद एक प्रतिनिधि को प्रोडक्ट के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। कैमरे के सामने आने के उत्साह में उस लड़की ने कुछ गलत टेक्निकल जानकारियां दे दीं, जबकि उसे मीडिया से बात करने की इजाजत भी नहीं थी।

### हमने नहीं बनाया डॉग

वीडियो वायरल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने कहा- हमने लगातार कैंपस में बेहतरीन टेक्नोलॉजी लाने की कोशिश की है। क्यों? क्योंकि जब छात्र नई चीजें देखते हैं, तभी उनकी सोच विकसित होती है। और यही सोच नए रचनाकारों को जन्म देती है। हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि गलगोटिया ने यह रोबोटिक डॉग नहीं बनाया है और न ही हमने कभी ऐसा दावा किया है। लेकिन हम ऐसे दिमाग तैयार कर रहे हैं जो जल्द ही भारत में ऐसी ही टेक्नोलॉजी को डिजाइन करेंगे, उनकी इंजीनियरिंग करेंगे और उन्हें यहीं बनाएंगे।

### बात साफ नहीं कह पाई : नेहा सिंह

प्रोफेसर नेहा ने कहा कि यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि बातें साफ तौर पर नहीं रखी गईं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेती हूं। यह सब बहुत जोश और उत्साह में बहुत जल्दी-जल्दी हुआ। वहीं, विश्वविद्यालय ने कहा कि उसके छात्र के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार से वे आहत हैं। महारा मकसद आधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करना है।

### एक्स ने यूनिवर्सिटी के दावे को गलत बताया

यूनिवर्सिटी के स्पष्टीकरण के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने इस पोस्ट पर एक 'कम्युनिटी नोट' जोड़ दिया। इसमें कहा कि यूनिवर्सिटी का यह दावा कि उन्होंने इसे अपना नहीं बताया, भ्रामक है। एक्स का कम्युनिटी नोट एक ऐसा फीचर है, जिसमें आम यूजर्स ही किसी भ्रामक पोस्ट पर सही जानकारी और संदर्भ जोड़कर उसे फैक्ट-चेक करते हैं।

### प्रस्तुति भ्रामक नहीं होनी चाहिए : केंद्र

इस संबंध में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि कोई भी प्रदर्शक ऐसी वस्तु दिखाए जो उसकी खुद की बनाई न हो। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अभिषेक सिंह ने कहा कि उद्देश्य नवाचार को बाधित करना नहीं है, लेकिन प्रस्तुति भ्रामक नहीं होनी चाहिए।

# प्रदेश के 15 जिलों में बारिश भिवानी-रेवाड़ी में गिरे ओले

*मौसम बदला बादल छाए, कई जगह बिजली भी गिरी*

## पश्चिमी विक्षोभ का दिखा असर, रात्रि तापमान गिरेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिसार

हरियाणा में बुधवार सुबह जींद, हिसार, हांसी, कैथल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, फतेहाबाद, पलवल, फरीदाबाद, नूंह और नारनौल में बारिश हुई। पंचकूला, करनाल, कैथल और भिवानी में बादल छाए हुए हैं। भिवानी और रेवाड़ी में दोपहर के समय हल्की बूंदाबांदी के साथ ओले भी पड़े। इससे सरसों और गेंहू की फसल को भी नुकसान हुआ है। उधर, जींद, हांसी और सिरसा में आसमानी बिजली गिरने से लाखों रुपये के बिजली के उपकरण जलकर नष्ट हो गए। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मुताबिक, राज्य में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस मंगलवार रात को ही एक्टिव हो गया था, जिसके बाद हिसार और सिरसा में तेज बारिश हुई। जींद जिले के जुलाना कस्बे के मालवी रोड पर बुधवार सुबह एक मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। इस घटना में घर में लगे सीसीटीवी कैमरे, एलईडी टीवी, फ्रिज, आदि बिजली के उपकरण खराब हो गए। इससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। 17 फरवरी को हरियाणा का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। औसत तापमान में 0.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। सबसे अधिक गर्मी भिवानी में रही, जहां पारा 30.5 डिग्री तक पहुंच गया।

**अलर्ट**

**गेहूं की फसल में पानी न लगाएं किसान**

**हल्की बारिश फायदेमंद रहेगी**



## पूजा सामग्री विसर्जित करने गए दो भाई पश्चिमी यमुना नहर में डूबे

*यमुनानगर में हादसा नहर किनारे खड़ी मिली बाइक*

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के कस्बा बूडिया के नजदीक पानी में हवन सामग्री डालने आए दो भाई पैर फिसलने से पश्चिमी यमुना नहर में बह गए। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से पानी में डूबे दोनों भाईयों की तलाश की लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल पाया। जानकारी के अनुसार गांव भगवानपुर निवासी मुकेश ने बताया कि उसके भांजे गांव भगवानगढ़ निवासी 24 वर्षीय उदय तथा 19 वर्षीय आर्यन रात को करीब आठ बजे काम से लौटने के बाद बाइक पर घर से पश्चिमी यमुना नहर में हवन सामग्री डालने के लिए आए थे। इस दौरान जब वह बूडिया के पास पश्चिमी यमुना नहर में हवन सामग्री डालने के लिए आगे बढ़े तो उन दोनों का पैर फिसल गया। जिस कारण वह दोनों नई बन रही पक्की पश्चिमी यमुना नगर में बह गए। बुधवार सुबह जब परिजन उनको खोजते हुए बूडिया के पास पश्चिमी यमुना नहर पर पहुंचे तो उन्हें मौके पर बाइक व दोनों की चप्पल बरामद हुई।



यमुनानगर के बूडिया स्थित पश्चिमी यमुना नहर में डूबे युवकों की तलाश करते गोताखोर व मौके पर मामले की जानकारी देते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### सलमान के पिता सलीम खान को ब्रेन हेमरेज

**मुंबई।** सलमान खान के पिता और दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हेमरेज हुआ है, जिसके बाद उनकी एक छोटी सी सर्जिकल प्रोसीजर की गई है। लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पार्कर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी की गई है। यह कोई ब्रेन सर्जरी नहीं है। डीएसए एक हाईक्वालिटी का एक्स-रे होता है। इसमें शरीर की नसों में हुए ब्लॉकेज को ज्यादा साफ देखा जा सकता है। इसे सेरेब्रल एंजियोग्राफी भी कहा जाता है। *एजेंसी*

### बेंगलुरु एयरपोर्ट पर 23.88 करोड़ की कोकीन जब्त

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बुधवार को 23.88 करोड़ की 4.776 किलोग्राम कोकीन जब्त की। अधिकारियों के मुताबिक, इतनी बड़ी मात्रा में कोकीन एक ब्राजीलियाई नागरिक के पास से मिला है। आरोपी ने एक हैंडबैग के अंदर केमिकल मिले हुए कपड़ों में कोकीन छुपाकर रखा था। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और उस पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। *एजेंसी*

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-2 की पाबंदियां हटी, हवा की गुणवत्ता में सुधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को हवा की क्वालिटी में सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के दूसरे चरण की पाबंदियां हटा दी गई हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बेहतर स्तर पर आने के बाद सीएक्यूएम यानी कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया। प्रदूषण बढ़ने पर फिर से पाबंदियां लागू की जा सकती हैं। फिलहाल लोगों को राहत दी गई है। *एजेंसी*

## रिटायर्ड इसरो कर्मी ने तौलिये से गला दबाकर की पत्नी की हत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के अवलाहल्ली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के रिटायर्ड कर्मचारी ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। शुरुआती जांच में सामने आया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे आरोपी 65 साल के नागेश्वर राव ने अपनी पत्नी संध्या श्री को तौलिये से गला दबाकर मार डाला। पूछताछ में उन्होंने बताया कि अपनी मौत के बाद उन्हें पत्नी के भविष्य को लेकर चिंता थी। वारदात के बाद राव घर पर ही मौजूद रहा। इसके बाद में राव ने अपने पड़ोसी को फोन कर घटना के बारे में बताया। व्हाइटफील्ड के डीसीपी सैदुलु अदावत ने बताया कि राव मानसिक रूप से परेशान थे और सुसाइड करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि यह कदम उठाने से पहले, उन्होंने अपनी पत्नी की हत्या करने का फैसला किया। पत्नी की हत्या के बाद खुद भी वह सुसाइड करना चाहते थे।

*अपनी मौत के बाद पत्नी के भविष्य को लेकर था चिंतित*

## किरण चौधरी-रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल हो रहा समाप्त

# हरियाणा की दो राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की 2 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होगा। इसके लिए उम्मीदवारों को 5 मार्च तक नामांकन दाखिल करना होगा। भाजपा के 2 राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल तक है। अभी ये दोनों सीटें भाजपा के पास हैं। बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की ओर से 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया। 16 मार्च को वोटिंग के बाद शाम को रिजल्ट जारी होगा। राज्यसभा सांसद राम चंद्र जांगड़ा मार्च 2020 में राज्यसभा सांसद बने थे। उनका कार्यकाल 10 अप्रैल 2020 से शुरू होकर 9 अप्रैल 2026 तक है। वे निर्विरोध चुने गए थे। वहीं, किरण चौधरी 27 अगस्त 2024 को राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध सांसद चुनी गई थीं। हरियाणा विधानसभा में कुल 90 वैध मत हैं, जिनमें भाजपा के 48, कांग्रेस के 37, निर्दलीय 3 और इनेलो के 2 वोट शामिल हैं। राज्यसभा की 2 सीटों के लिए चुनाव होने हैं, और जीत का कोटा निकालने का फॉर्मूला है: कुल वैध मत ÷ (रिक्त सीटें + 1) + 1, यानी (90 ÷ 3) + 1 = 31। इसका मतलब है कि किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 31 कोटा वोट चाहिए।

■ 5 मार्च तक दाखिल करना होगा नामांकन

### देश की 35 और सीटों पर भी डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 35 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा। शरद पवार, रामदास अठावले, कणिमोझी, तिरुचि शिवा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला, कहा

# कपड़े खींचना और अश्लील हरकत करना दुष्कर्म का प्रयास

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के कपड़े खींचना और अश्लील हरकत करना दुष्कर्म की कोशिश माना जाएगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इसे दुष्कर्म की कोशिश की जगह दुष्कर्म की तैयारी बताया गया था। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत इस्तेमाल किया है। कोर्ट ने कहा कि हम हाईकोर्ट की इस बात से सहमत नहीं हैं कि आरोप केवल तैयारी तक सीमित हैं। आरोपियों की हरकत साफ तौर पर दुष्कर्म की कोशिश की ओर इशारा करती है। पहली नजर में शिकायतकर्ता और अभियोजन ने दुष्कर्म की कोशिश का मामला बना दिया है।



### फैसले से बढ़ा विवाद

दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 17 मार्च, 2025 को दिए आदेश में कहा था कि ये कृत्य दुष्कर्म या दुष्कर्मकी कोशिश की केटेगरी में नहीं आते, इसके बाद 'अटेंप्ट टू रेप' का आरोप हटाने का निर्देश दिया था।

### बच्ची से थी छेड़खानी

कासगंज की एक महिला ने 12 जनवरी, 2022 को कोर्ट में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया कि 10 नवंबर, 2021 को वह अपनी 14 साल की बेटी के साथ कासगंज के पटियाली में देवरानी के घर गई थी। रास्ते में गांव के रहने वाले पवन, आकाश और अशोक ने लड़की के निजी अंग को पकड़ लिया। आकाश ने उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करते हुए उसके कपड़े खींचे।



# हमारा मकसद दोनों देशों में ट्रेड को दोगुना करना : मोदी

## एआई इंपैक्ट समिट 2026: फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी से मिले प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*भारत मंडपम में कई देशों के प्रमुख उद्योगपति व कंपनियों के प्रमुख आ रहे*

16 से 20 फरवरी तक चल रहे एआई इंपैक्ट समिट 2026 में कई देशों के नेता, टेक कंपनियों के प्रमुख और उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। इसमें एआई के नियम, रोजगार पर असर, शिक्षा में एआई का उपयोग और स्टार्टअप को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर बात हो रही है। फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो भारत दौरे पर पहुंचे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दो तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि फिनलैंड के प्रधानमंत्री, पेटेरी ओर्पो के साथ लंबी बातचीत हुई। उन्होंने लिखा कि भारत और फिनलैंड का मकसद ट्रेड को दोगुना करना है, जिससे आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। हमने 6जी, इनोवेशन, क्लीन एनर्जी, बायोफ्यूल, और सर्कुलर इकॉनमी जैसी फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बात की। फिनलैंड के प्रधानमंत्री के साथ पीएम मोदी ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट और डिजिटलीकरण, एआई रिसर्च और एथिकल इनोवेशन में सहयोग पर चर्चा की। *(पेज 3 भी देखें)*

## पंजाब में शादी समारोह में आप सरपंच की गोली मारकर हत्या

*तरनतारन में वारदात फार्म हाउस में चचेरे भाई की शादी में बराती बनकर घुसे हमलावर*

**तरनतारन (एजेंसी)।** तरनतारन में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) के सरपंच हरबिंदर सिंह (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बुधवार को सिद्धू फार्म में उनके चचेरे भाई की शादी थी। इसी में दोपहर करीब ढाई बजे हमलावर बराती बनकर अंदर घुसे। इस बीच जब सरपंच स्टेज पर दोस्तों के साथ डांस करने के बाद सोफे पर बैठे तो भीड़ में से एक युवक निकला और उनके पेट और सिर में 4 गोलियां मार दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान जब चचेरे भाई जर्मनजीत सिंह ने हमलावरों का पीछा किया तो उन्होंने उसके पैर में गोली मार दी। जर्मनजीत को इलाज के लिए अमृतसर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और आरोपी भाग निकले। जानकारी के मुताबिक एक आरोपी के पास एके-47 जैसा हथियार था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## अमेरिकी शोधकर्ता ने बनाई गेमचेंजर डिवाइस

# एआई से संचालित ईसीजी से मिलेगी साइलेंट हार्ट अटैक की जानकारी

*कम संसाधनों वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में यह कर सकता है मदद*

**चेन्नई (एजेंसी)।** एक अनदेखा साइलेंट हार्ट अटैक, जिसमें पारंपरिक लक्षण और संकेत नहीं होते, हृदय की मांसपेशियों को भारी नुकसान पहुंचा सकता है। लेकिन अब एक छोटा एआई संचालित इलेक्ट्रॉनिक पैड इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) के जरिए ऐसे हार्ट अटैक का पता लगा सकता है। इस इलेक्ट्रॉनिक पैड को मोबाइल फोन पर एआई से जोड़ा जा सकता है। इस स्क्रीनिंग से डॉक्टरों को ऐसे मरीजों को उचित दवाएं देने में मदद मिल सकती है ताकि दोबारा हार्ट अटैक होने से बचाव हो सके। कैलिफोर्निया के यूसी बर्कले के स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जियाद ओबरमेयर और उनकी टीम फिलहाल तमिलनाडु में एक परीक्षण कर रहे हैं।



### रूमैटिक हार्ट डिजीज व हार्ट फेल्योर के बारे में भी बता सकता है

प्रोफेसर ओबरमेयर ने बताया कि वह दो प्रकार के इनोवेशन पर काम कर रहे हैं। पहला जो कम गंभीर परिस्थितियों में काम करता है। यानी जब कोई व्यक्ति जांच के लिए आता है तो वे डेटा एकत्र करते हैं और अज्ञात पुरानी बीमारियों की स्क्रीनिंग करते हैं। साइलेंट हार्ट अटैक का पता लगाने वाला समाधान इसका एक अच्छा उदाहरण है। इसके बाद दवाओं से दोबारा हार्ट अटैक का खतरा कम किया जा सकता है। हार्ट अटैक के अलावा इस पैड से वाल्व संबंधी हृदय रोग, रूमैटिक हार्ट डिजीज और विभिन्न प्रकार की हार्ट फेल्योर के लिए भी जांच की जा सकती है। वह बताते हैं कि एक-लीड ईसीजी से यह सौ फीसदी तो तय नहीं किया जा सकता कि संबंधित व्यक्ति को साइलेंट अटैक आया ही है।

### पुरानी बीमारियों की स्क्रीनिंग भी संभव

दूसरी श्रेणी के समाधान आपातकालीन स्थितियों के निदान से जुड़े हैं। यानी अतीत में हुए हार्ट अटैक का पता लगाने की बजाय ऐसे एल्गोरिदम बनाते हैं जो यह बता सकें कि किसी व्यक्ति को उस समय हार्ट अटैक हो रहा है या नहीं। या फिर फेफड़ों में खून का थक्का है, या महाधमनी में असामान्यता है। अस्पताल के भीतर के डेटा से एल्गोरिदम बनाकर और उन्हें कम लागत वाले उपकरणों पर लागू करके हम न केवल पुरानी बीमारियों की स्क्रीनिंग कर सकते हैं, बल्कि धीरे-धीरे तीव्र समस्याओं का निदान कर मरीजों को सही स्थान पर भेज सकते हैं।

### अन्य बीमारियों के लिए भी आ सकते हैं ऐसे उपकरण

वह बताते हैं कि भविष्य में इसी तरह के उपकरण मधुमेह, हृदय रोग और क्रॉनिक किडनी फेल्योर जैसी कई मेटाबोलिक बीमारियों के लिए भी विकसित किए जा सकते हैं। उनका पल्स ऑक्सीमीटर भी एक रोचक नवाचार है। यह ऑक्सीजन प्रतिशत के अलावा उंगली में रक्त प्रवाह का वेवफॉर्म भी दिखाता है। इससे यह समझने में काफी जानकारी मिलती है कि हृदय कैसे काम कर रहा है। इलेक्ट्रोकार्डियोग्रा कार्डियोवस्कुलर सिस्टम के हृदय संबंधी हिस्से के बारे में बहुत कुछ बताता है, जबकि पल्स ऑक्सीमीटर रक्त वाहिकाओं (वास्कुलर सिस्टम) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देता है। हालांकि वह बताते हैं इसमें प्रमुख चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि एल्गोरिदम सही हो। उसका कड़ा सत्यापन करना होता है।

## खबर संक्षेप

### चंडीगढ़ में सोनू मर्डर केस में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई समेत 5 बरी

**चंडीगढ़।** करीब 7 साल पुराने चर्चित राजवीर सिंह उर्फ सोनू शाह हत्याकांड में जिला कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई सहित 5 आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। वहीं, गैंग से जुड़े 3 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा पर फैसला 20 फरवरी को सुनाया जाएगा। अदालत ने इस मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक उर्फ बंटी, राजू बसोदी और दीपक रंगा को बरी किया है। जबकि शुभम उर्फ बिगनी, मंजीत उर्फ मोटा और राजन उर्फ जाट को दोषी करार दिया गया है। आरोपी देश की विभिन्न जेलों में अन्य मामलों में बंद है। बता दें कि 28 सितंबर 2019 को बुडैल गांव स्थित कार्यालय में प्रॉपर्टी डीलर राजवीर सिंह उर्फ सोनू शाह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो अन्य घायल हुए थे।

### 5.48 करोड़ रुपये के धान घोटाले में केस

**मुलाना।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के धान मिलिंग सत्र 2024-25 में नारायणगढ़ के उपलाना गांव स्थित श्री कृष्णा राइस मिल पर सरकार का 5.48 करोड़ रुपये का धान व चावल खुर्द-बुर्द करने का आरोप है। विभाग के भौतिक निरीक्षण के दौरान पाया गया कि राइस मिलर ने 14 हजार 8 क्विंटल यानी लगभग 49 गाड़ी चावल सरकारी खजाने में जमा नहीं कराया। मुलाना थाना पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक महेश कुमार की शिकायत पर रामकरण, जसरत दोनों पार्टनर, गारंटर शिवम ट्रेडिंग कंपनी व जमींदारा ट्रेडिंग कंपनी पर केस दर्ज किया है। निरीक्षक महेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 30 सितंबर 2025 को नारायणगढ़ के एएफएसओ विनय सैनी की अध्यक्षता में विभाग ने एक कमेटी का गठन किया था। भौतिक जांच पड़ताल की तो इस घोटाले का खुलासा हुआ। जांच में 20 हजार क्विंटल धान (14 हजार क्विंटल चावल) कम पाया गया।

### 29 दिन बाद लेबनान से आया धीरज का शव

**कुरुक्षेत्र।** रोजगार की तलाश में लेबनान गए 26 वर्षीय धीरज का शव 29 दिन बाद देश आया। धीरज 3 बहनों का इकलौता भाई था। धीरज के पिता पवन कुमार की पिहोवा में कैथल रोड पर चाय की दुकान है। बेटे की मौत से परिवार बुरी तरह से टूट चुका है। कुरुक्षेत्र के पिहोवा के वार्ड-7 गडरिया मोहल्ला का धीरज 19 फरवरी 2025 को वर्क वीजा पर लेबनान गया था। यहां धीरज बीका वैली शहर में प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता था। चचेरे भाई राजीव कुमार ने बताया कि धीरज प्लाइवुड फैक्ट्री में लेबर का काम करता था। यहां काम के दौरान कई प्लाइयां धीरज के ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई।

## एमडीयू रोहतक में ईसी की बैठक को लेकर हंगामा

# वीसी ने रजिस्ट्रार को देर रात किया सस्पेंड 12 घंटे में ही राज्यपाल ने कर दी बहाली

*पूर्व में हुई नियुक्तियों पर विवाद के चलते विवि में मचा है बवाल, उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने ईसी की बैठक पर लगाई थी रोक, इसके बावजूद वीसी ने बैठक बुलाई, कुलसचिव ने विरोध जताया तो उन्हें सस्पेंड किया*

- कुलाधिपति ने कार्यकारी परिषद की बैठक को किया स्थगित, बीच में ही बंद करनी पड़ी मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 304वीं कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक को लेकर बुधवार को भी हंगामे व विवाद की स्थिति बनी रही। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय में बैठक नहीं करने के आदेश दिए थे। इसे नियुक्तियों से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके बावजूद कुलपति की ओर से बैठक स्थगित नहीं की गई। जब कुलसचिव (रजिस्ट्रार) डॉ. कृष्णकांत ने ईसी की मीटिंग को नहीं करने के लिए कहा तो कुलपति ने उन्हें मंगलवार देर रात उन्हें सस्पेंड कर दिया। बुधवार को सस्पेंड करने के करीब 12 घंटे बाद विवि के कुलाधिपति एवं राज्यपाल कार्यालय से ईसी की बैठक नहीं करने व कुलसचिव को बहाल करने के आदेश जारी हो गए। इस वजह से शुरू हो चुकी ईसी की बैठक को बिना एजेंडों पर चर्चा किए ही स्थगित कर दिया गया। यहां यह भी बताना जरूरी है कि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का कार्यकाल 20 फरवरी को पूरा होने वाला है। बुधवार सुबह से शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के सदस्य कुलपति कार्यालय पहुंच गए थे। शिक्षकों ने वीसी के खिलाफ नारे लगाकर बैठक को स्थगित करने की मांग की। वहीं, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश कौशिक व अन्य सदस्यों ने कार्यकारी परिषद की बैठक के समर्थन में नारे लगाए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हित में यह बैठक बहुत जरूरी है।



**रोहतक।** एमडीयू में ईसी की बैठक से पहले वीसी को ज्ञापन देते कर्मचारी।

### मेरी नियुक्ति कुलाधिपति ने की, वीसी को सस्पेंशन का अधिकार नहीं : कुलसचिव



कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने अपने निलंबन को पूरी तरह अवैध बताते हुए कुलपति की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति (राज्यपाल) की स्वीकृति से हुई है, इसलिए उन्हें निलंबित करने का अधिकार कुलपति को नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका निलंबन सरकार के आदेशों और विश्वविद्यालय अधिनियम की अवहेलना करते हुए किया गया है। डॉ. कृष्णकांत के अनुसार वे सरकार के निर्देशों और विश्वविद्यालय एक्ट का पालन कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया गया।

### राज्यपाल के आदेश पर बैठक स्थगित की

एमडीयू के जनसंपर्क निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने बताया कि विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियमों के अनुरूप आयोजित की जा रही कार्यकारी परिषद की 304वीं बैठक विश्वविद्यालय सचिवालय स्थित कुलपति समिति कक्ष में आहुत की गई थी। बता दें, बैठक शुरू हो चुकी थी, लेकिन इसी बीच राज्यपाल का आदेश आ गया, जिसके बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया।

## ठेकेदार व विभाग पर लापरवाही के आरोप

# पाइप डालने को खोदे थे गड्ढे मिट्टी धंसने से दो की मौत

- मृतक मजदूरों में एक करनाल तो एक भिवानी का, ग्रामीणों ने कहा-घटनास्थल पर नहीं थे सुरक्षा के उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



घटनास्थल पर इकट्ठे हुए लोग व हादसा होने वाली जगह जहां पाइप डाले जा रहे थे।

करनाल जिले के गांव सौंकड़ा सिंचाई विभाग के निर्माण कार्य के दौरान कथित लापरवाही एक बड़े हादसे में बदल गई, जिसमें मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। गांव सौंकड़ा के नजदीक सड़क के साथ-साथ मोटे पाइप बिछाने का कार्य पिछले करीब दो महीनों से चल रहा था। मृतकों की पहचान करनाल के गांव सांभी निवासी रामपाल तथा भिवानी के गांव किरावड़ निवासी आशाराम के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार्यस्थल पर करीब 8 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था, जिसमें मोटे पाइप डाले जा रहे थे। अचानक मिट्टी धंसने से दोनों मजदूर दब गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि न तो वहां पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम थे और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए थे। सड़क का किनारा भी कटा हुआ था, जिससे राहगीरों के लिए भी खतरा बना हुआ था। निर्माण कार्य के दौरान न तो सुरक्षा घेरा था और न ही अधिकारियों की निगरानी। लोगों का कहना है कि यदि रात के समय कोई वाहन या व्यक्ति उस ओर चला जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने सिंचाई विभाग और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है।

## अलग-अलग जिलों में फर्जी आधार कार्ड व एक ही जमीन से दिलवाईं जमानतें

# करनाल में पेशेवर जमानती गिरोह का पर्दाफाश, कोर्ट से ही आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी ने कोर्ट रूम में झूठ बोला कि उसने कभी किसी दूसरे की जमानत नहीं दी
- आरोपी एक ही जमीन पर करनाल, पानीपत, सोनीपत, बहादुरगढ़ और झज्जर जिलों में बन चुका जमानती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल की अदालत में जमानत प्रक्रिया के दौरान बड़े जमानती गिरोह का खुलासा हुआ है। मधुबन थाना क्षेत्र के एक मामले में आरोपी को जमानत दिलाने पहुंचे जमानती को अदालत ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि वह एक ही जमीन के कागजों के आधार पर अलग-अलग जिलों में कई आरोपियों की जमानत करवा चुका है और इसके लिए अलग-अलग फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया। पूरे घटनाक्रम से स्पष्ट है कि अश्वनी कुमार एक 'पेशेवर जमानती' के तौर पर काम कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, 16 फरवरी को अदालत ने आरोपी वीरभान को जमानत देने का आदेश दिया था। इस पर जमानत बांड पेश किए गए। पानीपत जिले के तमसाबाद निवासी अश्वनी कुमार जमानती के रूप में 17 फरवरी को अदालत में उपस्थित हुआ। उसने शपथ पत्र देकर कहा कि वह किसी अन्य मामले में जमानती नहीं है और अपनी जमीन की जमाबंदी की प्रति, मूल आधार कार्ड व फोटो प्रति अदालत में जमा कराई।

**नई एफआईआर दर्ज, रिमांड पर लेगी पुलिस :** तथ्य सामने आने के बाद अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 17 फरवरी को आदेश पारित करते हुए अश्वनी कुमार को अदालत कक्ष से ही हिरासत में लेने के निर्देश दिए। उसे सेक्टर-13 चौकी पुलिस के हवाले कर दिया गया। अदालत ने जमानत बांड स्वीकार करने से इनकार करते हुए आरोपी व अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के आदेश दिए। अदालत के रीडर को शिकायतकर्ता नियुक्त कर पूरी शिकायत थाना सिविल लाइन भेजी गई। थाना सिविल लाइन प्रभारी रामलाल ने बताया कि अदालत के आदेश पर आरोपी के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज कर ली गई है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और गहन पूछताछ की जाएगी।

### एसआईएमएस जांच में सामने आया पूरा खेल

अदालत के रीडर ने जमानती की जानकारी को एसआईएमएस (श्योरिटी इन्फॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम) से सत्यापित किया। जांच में खुलासा हुआ कि अश्वनी कुमार पहले भी कई आपराधिक मामलों में जमानती बन चुका है। ये मामले करनाल, पानीपत, सोनीपत, बहादुरगढ़ और झज्जर जिलों की अदालतों में दर्ज हैं।

### फर्जी दस्तावेज पर जमानत देने वाले दो काबू

**अंबाला।** न्यायालय में फर्जी कागजात देकर जमानत देने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना अंबाला शहर की टीम ने एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। उप निरीक्षक हाकम सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपी न्यायालय के समक्ष फर्जी जमानती बनकर पेश हुए थे। जाली दस्तावेजों के आधार पर जमानत की प्रक्रिया पूरी की थी। मामला वर्ष 2024 में अंबाला शहर में दर्ज किया गया था। करीब 31 माह के लंबे इंतजार उपरांत पुलिस ने उन्हें सफलतापूर्वक काबू कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। आरोपियों की पहचान दिलशाद वासी गांव भोजपुर सिगंडा करनाल व आरोपी सुलतान सिंह वासी गांव मुबारकाबाद करनाल के रूप में हुई है।

### एचएसजीएमसी का इजलास झींडा ने किया स्थगित, 20 को आयोग में सुनवाई

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का इजलास एक बार फिर स्थगित हो गया। इससे पहले 10 फरवरी को इजलास रखा गया था लेकिन वह भी स्थगित कर दिया गया था। कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने बुधवार को यह फैसला लिया। अब 24 फरवरी को कैथल जिले के नीम साहिब गुरुद्वारे में अपने गुट के 36 मेंबर्स के साथ मीटिंग करने का दावा किया है। प्रधान झींडा ने पिपली रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 20 फरवरी को हरियाणा सिख ज्यूडिशरी आयोग की सुनवाई होगी। इसलिए इजलास रद्द किया गया है। मेंबर्स आयोग के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। दावा किया कि उनके पास 40 में से 36 मेंबर्स का समर्थन है। उनके पास पूरा बहुमत है। 24 फरवरी को होनी वाली मीटिंग में बड़ा फैसला लेंगे। बता दें कि 20 फरवरी को चंडीगढ़ में हरियाणा सिख ज्यूडिशरी आयोग में सुनवाई होनी है। इस पर झींडा और पूर्व प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल दोनों गुट की नजरें टिकी हैं। जनवरी महीने में आयोजित बैठक में कमेटी ने अपना करीब 104 करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पास किया था। इस पर आपत्ति करते हुए दादूवाल ने आयोग में शिकायत डाली थी।

### आर्यन हत्याकांड में आरोपी चचेरा भाई कनाडा से डिपोर्ट, गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत के मांडी निवासी आर्यन की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता आरोपी साहिल को सीआईए टू पुलिस टीम ने कनाडा से डिपोर्ट होते ही मंगलवार शाम को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। साहिल मृतक आर्यन के ताऊ का बेटा है। आरोपी ने प्रॉपर्टी हथियाने के लिए आर्यन की हत्या कराई थी। सीआईए टू पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। थानेदार अभिनंदन ने बताया कि पुलिस ने गत वर्ष अप्रैल में मामले का खुलासा किया था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड 27 एम.सी. नारनौल में विभिन्न गलियों, सड़कों, ड्रेन्स, जाली, और फ्रेम्स इत्यादि की मरम्मत + 3 कार्य। | 16.02.2026 23.02.2026 | 16,92,086/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 eo-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43125/I/88/6 दि. 18.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | एम.सी. कलानौर में मायरा फैशन शॉप से सोनू कथूरिया के मकान, चौधरी गैस एजेंसी मकान गली, सन्नी लैश भण्डार शॉप गली, रमेश के मकान से राजेन्द्र सेठी, राजेन्द्र सेठी के मकान से सन्नी शर्मा तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 17.02.2026 24.02.2026 | रु..60,62,839/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |
| 2 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर क्षेत्र में कुत्तों को पकड़ना और पकड़े गये आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण। | 17.02.2026 24.02.2026 | रु. 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43139/I/88/6 दि. 18.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1211 - सोनीपत में भीख मांगने में लगे हुय व्यक्तियों की स्माइल सब-स्कीम- व्यापक पुनर्वास हेतु कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 20.02.2026 | 48.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7042144566 ee2mcs@gmail.com |
| 2 | नगर निगम सोनीपत | 1224 वार्ड नं. 13 और 9 एम.सी. सोनीपत में न्यू शांति विहार के लिए जलापूर्ति हेतु डीआई पाइप लाइन का प्रावधान व बिछाना + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.02.2026 | 77,12,873/- | https://etenders.hry.nic.in | 7042144566 ee2mcs@gmail.com |
| 3 | नगर निगम सोनीपत | 1207-वार्ड नं. 9 एम.सी. सोनीपत में पटेल नगर गली नं. 4 की ब्रांच और साइड गली में आईपीबी और सीसी गली का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.02.2026 | 1,74,38,232/- | https://etenders.hry.nic.in | 7042144566 ee2mcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/43126/I/88/6 दि. 18.02.26


# राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा को 1-1 सीट की आस, भितरघात का भी डर

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा प्रदेश में राज्यसभा की दो सीटों का गणित भले ही इस बार कांग्रेस व भाजपा के खाते में एक-एक सीट के रूप में दिखाई दे रहा है, लेकिन हरियाणा में यह इतना सीधा नहीं है। इस बार भी भाजपा ने दोनों ही सीटों के लिए दावेदारी ठोक दी तो समीकरण बदल सकने की प्रबल संभावना है क्योंकि राज्य में पहले भी राज्यसभा सीट को लेकर खेल हो चुका है। राज्यसभा की सीट के लिए अतीत में हरियाणा के अंदर स्याही और पेन का खेल जीती हुई बाजी को हार में बदल चुका है। हालांकि सत्ता पक्ष भाजपा और कांग्रेस दोनों ही इस बार अलर्ट मोड में है, साथ ही कांग्रेस हाईकमान इस बार कोई भी खेल रोकने के लिए अपने सियासी दिग्गजों की ड्यूटी लगाने की तैयारी में है। कांग्रेस के पास में 37 विधायकों की संख्या है, उसके बाद भी चुनाव हारने के हालात में कांग्रेस हाईकमान के सामने सीधा सीधा भितरघात का संदेश जाएगा।

बता दें कि राज्यसभा सदस्य के लिए नोटिफिकेशन 26 फरवरी को जारी होगा। 16 मार्च को चुनाव करवाया जाएगा। हरियाणा में किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल 9 अप्रैल को पूरा हो रहा है। इस वजह से राज्यसभा की दो सीट खाली होंगी।

**यह है विधायकों का गणित:** नब्बे सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं। तीनों निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून भी भाजपा के कमल का निशान थामे हुए खड़े हैं। इनेलो के दो विधायक आदित्य देवीलाल और अर्जुन चौटाला हैं। कांग्रेस के पास खुद 37 विधायक हैं। कांग्रेस को यह सीट जीतने के लिए 31 विधायकों की जरूरत है।

### पहले हो चुका है राज्यसभा चुनाव में खेल

यहां पर याद दिला दें कि 2016 में भाजपा ने कांग्रेस और इनेलो के सांझे उम्मीदवार आरके आनंद के मुकाबले सुभाष चंद्रा को निर्दलीय चुनाव लड़वाया था। उस वक्त स्याही कांड के चलते पर्याप्त संख्याबल होते हुए आनंद चुनाव मैदान में जीती हुई बाजी हार गए थे। हालांकि वे पूरी तरह से निश्चिंत होकर चंडीगढ़ आए थे कि राज्यसभा में जाना उनका तय है। उसके बाद भी सुभाष चंद्रा ने जीत हासिल कर ली थी। अगस्त-2022 के चुनावों में भी क्रॉस वोटिंग के कारण कांग्रेस का सियासी दिग्गज चेहरा अजय माकन हरियाणा आकर सह मात के खेल में बाजी हार गया था। भाजपा और जजपा समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले कार्तिकेय शर्मा जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे।

### फतेहाबाद के एक्सईएन बलविंद्र नैन सस्पेंड मंत्री के पीए के फोन करने पर की थी टिप्पणी

**फतेहाबाद।** जिले के पब्लिक हेल्थ के एक्सईएन बलविंद्र नैन को सस्पेंड किया गया है। बुधवार को पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट की ओर से इस आशय का पत्र जारी हुआ है, ऐसे में उनको हेडक्वार्टर अटैच कर दिया है। बलविंद्र नैन के पास सिरसा के एक्सईएन का भी अतिरिक्त कार्यभार है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के कार्यालय की ओर से बलविंद्र नैन के पास किसी मामले को लेकर फोन किया गया था। इस पर एक्सईएन ने रात को फोन करने को लेकर कुछ टिप्पणी की थी। इस कार्रवाई को मंत्री के मामले से जोड़कर ही देखा जा रहा है। वहीं, एक्सईएन से संपर्क नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार, एक्सईन बलविन्द्र नैन मंगलवार को सिरसा में ही ड्यूटी पर थे। मंत्री कृष्ण बेदी भी सिरसा दौरे पर आए हुए थे। पार्षदों ने मंत्री बेदी के समक्ष पब्लिक हेल्थ की समस्या एवं अफसरों द्वारा फोन न उठाने की मांग उठाई थी। इसी पर मंत्री बेदी के पीए ने एक्सईएन को फोन मिलाया था।


**Indian Red Cross Society**
District Branch, Mahendergarh at Narnaul - 123001

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला महेंद्रगढ़ में जब्त किए गए वाहनों की पार्किंग का ठेका 3 ब्लॉक नारनौल, सिहमा एवं सतनाली हेतु एक वर्ष के लिए जिला रैड क्रास सोसायटी, महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल द्वारा खुली बोली के माध्यम से नगराधीश महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 27.02.2026 को दोपहर 02:00 बजे मिटिंग हाल, लघु सचिवालय, नारनौल में छोड़ा जाएगा। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं। नियम व शर्तें जिला रैड क्रास नारनौल के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव, जिला रैड क्रास सोसायटी महेंद्रगढ़ स्थित नारनौल

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन जुंडला, करनाल में चारदिवारी का निर्माण (सिविल कार्य)। | 17.02.2026 02.03.2026 | 32,61,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन खानपुर कोलियान में न्यू स्विच हाउस बिल्डिंग का निर्माण (सिविल वर्क्स) (करनाल)। | 17.02.2026 09.03.2026 | 1,83,45,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 26 एमवीए से 30 एमवीए तक इसके संवर्धन हेतु 33 केवी सब स्टेशन बडसुई के द्वितीय सर्किट को ऑक्मोडेट करने के लिए 220 केवी चीका पर 1 अदद 33 केवी बे की रचना - साइट सर्फेसिंग ड्रेसिंग ग्रेवल की आपूर्ति और फैलाना (सिविल वर्क्स) (करनाल)। | 17.02.2026 27.02.2026 | 11,00,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/80/43123/I/88/6 दि. 18.02.26

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS & SPORTS
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA

कक्ष संख्या 718-ए, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001
Room No. 718-A, Shastri Bhawan, New Delhi-110001

**Filling up of the post of Secretary, Sports Authority of India (SAI) in the Pay Matrix (Level 14-Rs. 1,44,200-Rs. 2,18,200) on deputation basis.**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में सचिव के पद को वेतन मैट्रिक्स (लेवल-14: ₹1,44,200 ₹2,18,200) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, खेल विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में सचिव के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 (₹1,44,200-2,18,200) में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है। पात्रता मानदंड, अनुभव तथा अन्य शर्तें मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिनांक 28.01.2026 के विस्तृत रिक्ति परिपत्र में निर्धारित अनुसार हैं।

आवेदन निर्धारित प्रपत्र में, विधिवत उचित माध्यम से अग्रेषित करते हुए, पिछले पाँच वर्षों के पूर्ण एवं अद्यतन एपीएआर विवरण, सतर्कता निकासी, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, कैडर निकासी तथा शास्ती विवरण (यदि कोई हो) सहित, श्री योगेश कुमार, अवर सचिव, भारत सरकार, कक्ष संख्या 718-ए, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-01 के कार्यालय में निर्धारित समयावधि के भीतर प्राप्त होने चाहिए। अग्रिम प्रतियाँ प्रस्तुत की जा सकती हैं; तथापि, उनपर केवल उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन के पश्चात ही विचारकिया जाएगा। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 27 फरवरी, 2026 तक या उससे पूर्व है। विस्तृत पात्रता शर्तों, निर्धारित आवेदन प्रारूप तथा अन्य नियम एवं शर्तों के लिए आवेदकों को आधिकारिक वेबसाइट: https://yas.gov.in https://yas.gov.in/sites/default/files/Circular%20dated%2028.01.2026.pdf देखने की सलाह दी जाती है।

(अवर सचिव, भारत सरकार)
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली

CBC 47103/12/0020/2526


### 38 सेकंड में संविधान की प्रस्तावना को फ्रेंच में सुनाया

14 वर्षीय तजाइना बजाज ने बनाया खास रिकॉर्ड



**सिरसा।** सिरसा की छात्रा तजाइना बजाज ने मात्र 14 वर्ष की आयु में भारतीय संविधान की प्रस्तावना को महज 38 सेकंड में फ्रेंच भाषा में सुनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। तजाइना बजाज सिरसा के प्रमुख व्यवसायी गंगाराम बजाज की सुपौत्री तथा अधिवक्ता विक्रांत बजाज की पुत्री हैं। इससे पूर्व भी तजाइना बजाज ने 12 वर्ष की आयु में 52 सेकंड में भारतीय दंड संहिता की अधिकतम धाराओं का वाचन कर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया था। इसी आयु के दौरान ही तजाइना को विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड्स नामक संस्था द्वारा उन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | खड्डी मोहल्ला वार्ड नं. 23 एम.सी. भिवानी में ग्लोबल हॉस्पीटल से राजेन्द्र के मकान तक चौक/गली का निर्माण। | 16.02.2026 21.02.2026 | अनु. लागत रु. 6.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/43140/I/88/6 दि. 18.02.26

## एआई इंपैक्ट समिट 2026: पीएम मोदी से मिले गूगल सीईओ पिचाई

# 'कर्मयोगी भारत मिशन' के तहत दो करोड़ कर्मियों को एआई ट्रेनिंग देंगे

पीएम बोले- गूगल के साथ साझेदारी पर चर्चा हुई

*मोदी ने कहा कि 6जी, इनोवेशन, क्लीन एनर्जी, बायोफ्यूल, और सर्कुलर इकोनॉमी जैसी फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ाने के बारे में भी बात हुई*

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई बुधवार को ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पिचाई 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण (कीनोट एड्रेस) देंगे। पिचाई ने कहा कि भारत का आईटी सेक्टर सेवाओं के निर्यात की रीढ़ रहा है और आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन बना हुआ है। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सुंदर पिचाई कहा, गूगल 'कर्मयोगी भारत' मिशन के तहत 2 करोड़ कर्मचारियों को एआई ट्रेनिंग देगा। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि सुंदर पिचाई से मुलाकात करना बेहद सुखद अनुभव रहा। हमने एआई क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल किस प्रकार सहयोग कर सकता है, इस बारे में चर्चा की।

भारत एआई नीति पर कुछ अहम घोषणाएं कर सकता है


प्रधानमंत्री मोदी और सुंदर पिचाई

- *सस्टेनेबल डेवलपमेंट और डिजिटलीकरण एआई रिसर्च और एथिकल इनोवेशन में सहयोग पर चर्चा की*
- *प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के क्षेत्र में उभरते इनोवेशन प्लेयर के रूप में फिनलैंड के प्रयासों की सराहना की*

### मोदी बोले, गूगल हमारे युवाओं को मौके देगा

पीएम मोदी ने कहा कि हमने भारत में एआई के क्षेत्र में हो रहे काम और गूगल कैसे हमारे युवाओं के साथ काम कर सकता है, इस पर विस्तार से चर्चा की। समिट के इतर हुई इन बैठकों का उद्देश्य एआई में भारत की लीडरशिप को मजबूत करना और द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करना है। पिचाई 'ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हैं। 20 फरवरी को वे इस समिट में की-नोट एड्रेस (मुख्य भाषण) देंगे।

### दिल्ली पहुंचे स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी

स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। उनके शामिल होने से नई टेक्नोलॉजी, रिसर्च और इनोवेशन के क्षेत्र में भारत-स्लोवाकिया सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### 5 दिवसीय दौरे पर लूला डा सिल्वा भारत पहुंचे



ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। एमईए ने लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। राष्ट्रपति लूला की यात्रा से भारत-ब्राजील साझेदारी को जबरदस्त रफ्तार मिलेगी। लूला डा सिल्वा 18 से 22 फरवरी तक भारत में रहेंगे। यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहा है। इस बार राष्ट्रपति लूला अपने साथ सैकड़ों कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लेकर पहुंचे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी ब्राजील के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे।




## भोपाल में ग्वालियर के डॉक्टर की करतूत

# इलाज के बहाने होटल में महिला को नशीला पदार्थ देकर किया रेप

जांच के लिए लाया था भोपाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

यहां के एमपी नगर में स्थित एक होटल रूम में एक डॉक्टर ने महिला को नशीला पदार्थ देकर उसके साथ रेप किया। आरोपी ग्वालियर का रहने वाला है। पीड़िता को इलाज के बहाने भोपाल लाया था। घटना के 3दिन बाद महिला एमपी नगर थाने पहुंची तथा रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय महिला ग्वालियर की रहने वाली है। ग्वालियर के डॉक्टर अमरीश सेंगर से 7 महीने पहले उसने अपना इलाज कराना शुरू किया।

### अस्पताल ले जाने के बजाए होटल ले गया


फाइल फोटो

*महिला को शक हुआ तो उसने अपने पति को फोन कर कहा कि डॉक्टर अस्पताल ले जाने के बजाय होटल में लेकर आ गए हैं। मुझे डॉक्टर की नीयत पर भरोसा नहीं हो रहा। यह सुनने के बाद पति ग्वालियर से भोपाल के लिए निकल गया। इधर रात हो जाने पर महिला ने डॉक्टर से कहा कि होटल में कमरे ले लो तो उसने कहा कि होटल में कमरे खाली नहीं है। रात में खाना खाने के बाद अंबरीश ने चर्म रोग की दवा के साथ नशीला पदार्थ दिया।*

### महिला के बेसुध होते ही की ज्यादती

*महिला जब बेसुध हो गई तो अमरीश ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। सुबह पति पहुंच गया बदनामी के डर से उस दिन उन्होंने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। ग्वालियर पहुंचने के बाद आरोपी जब इलाज के बहाने फिर से संपर्क करने की कोशिश की तो महिला अपने पति को लेकर भोपाल आई तथा यहां पर एमपी नगर थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

## कूनो नेशनल पार्क से आई खुशखबर

# मादा चीता गामिनी ने 'तीन' और शावकों को दिया जन्म

*चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता गामिनी ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और सीएम डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इसकी



जानकारी दी। यादव ने लिखा कि दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आगमन के तीन वर्ष पूर्ण होने पर कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत एक नया अध्याय है। भारत की धरती पर चीतों का यह नौवां सफल शावकों का झुंड है और इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 27 हो गई है।

## रोंगटे खड़े कर देगा एमबीए छात्रा के हत्यारे का कबूलनामा

# मैगी बनाकर खिलाई, निर्वस्त्र कर हाथ-पैर बांधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर**

इंदौर के द्वारिकापुरी क्षेत्र में एमबीए छात्रा की हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी पीयूष धामनोतिया ने घटनास्थल पर पुलिस के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मंगलवार दोपहर पुलिस उसे घटनास्थल पर ले गई, जहां उसने किचन की ओर इशारा करते हुए बताया कि पहले उसने छात्रा को मैगी बनाकर खिलाई, फिर उसे निर्वस्त्र कर हाथ-पैर बांध दिए और हत्या कर दी। तलाशी के दौरान आरोपित के

> **चैटिंग एप विवाद हत्या की प्रारंभिक वजह बताई गई**



पर्स से एक पत्र बरामद हुआ, जिसमें लिखा था- मैंने उसकी हत्या कर दी है, मुझे फांसी दे दो। पुलिस इस पत्र को मामले में अहम साक्ष्य मान रही

> **पर्स से मिला कबूलनामा जिसमें फांसी की मांग की**

है। द्वारिकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के अनुसार घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने के लिए आरोपी से नाट्य रूपांतरण कराया गया। उसे अंकल गली स्थित किराए के कमरे पर ले जाया गया, जहां वह करीब 40 मिनट रुका और वारदात से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी दी। आरोपी ने हत्या के बाद पत्र लिखने की बात भी स्वीकार की।

## गुजरात सरकार ने पेश किया 4.08 लाख करोड़ रुपये का बजट, बनेगा हॉकी स्टेडियम


**गांधीनगर।** गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बुधवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 4.08 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें पर्यटन और 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए खेल बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है। करीब 974 करोड़ रुपए के अधिशेष वाले इस बजट में कोई नया कर नहीं लगाया गया है और इलेक्ट्रिक वाहन के लिए पांच प्रतिशत कर छूट को जारी रखा गया है। बजट में वीजी-जीरामजी योजना के तहत 16 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## 10 हजार फिलिस्तीनी मुसलमानों को अल अक्सा मस्जिद में नमाज पढ़ने की दी इजाजत

**जेरूसलम।** इजराइल ने रमजान के मौके पर बड़ा फैसला लिया है। बेंजामिन नेतन्याहू सरकार ने रमजान के दौरान जुम के मौके पर 10 हजार फिलिस्तीनी मुसलमानों को अल अक्सा मस्जिद में नमाज पढ़ने की परमिशन दी है। यह मस्जिद पूर्वी यरूशलम में स्थित है और इसे मुसलमान अपने तीसरे सबसे पवित्र स्थल के तौर पर मानते हैं। वहीं यहूदी भी इस परिसर पर दावा करते हैं और उसे टेंपल माउंट मानते हैं। मिडल ईस्ट में बुधवार से रमजान की शुरुआत हुई है।



# आईटी कंपनियों के भविष्य को लेकर निवेशकों का डर हास्यास्पदः गोयल



**मुंबई (भाषा)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को आईटी कंपनियों के भविष्य को लेकर निवेशकों की चिंताओं को "हास्यास्पद" करार दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) को फलने-फूलने में आईटी क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गोयल का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के एंथ्रोपिक जैसे नए मंच पेश किए जाने के बाद पिछले पखवाड़े में आईटी शेयरों में गिरावट देखी गई है। इससे लगभग 300 अरब डॉलर के इस क्षेत्र की प्रासंगिकता पर सवाल उठने लगे थे, जो करीब 50 लाख लोगों को सीधे तौर पर रोजगार प्रदान करता है। मुंबई में वैश्विक आर्थिक सम्मेलन (जीईसी) कार्यक्रम में गोयल ने कहा, "शेयर बाजार में आईटी उद्योग के भविष्य को लेकर जो असंतोष दिख रहा है, वह हास्यास्पद है। एआई के विस्तार के लिए इन्हीं कंपनियों की जरूरत होगी। उन्होंने साइबर सुरक्षा और डेटा स्क्रबिंग का उदाहरण देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में आईटी कंपनियों की भूमिका अहम होगी। व्यापार समझौतों पर गोयल ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए समझौतों में डेयरी क्षेत्र, किसानों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के हितों की पूरी रक्षा की गई है। उन्होंने कहा, कि हमने किसी भी देश के लिए डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है।

# फोन में रैम के बाद अब स्टोरेज की किल्लत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल फोन, लैपटॉप, टीवी के दाम काफी बढ़ सकते हैं। पहले ऐसा रैम की किल्लत के चलते कहा जा रहा था। हालांकि अब हार्ड डिस्क ड्राइव बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी वेस्टर्न डिजिटल ने एचडीडी यानी कि स्टोरेज की किल्लत के भी संकेत दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्टर्न डिजिटल को साल भर के प्रोडक्शन के बराबर के ऑर्डर मिल गए हैं। इसका मतलब है कि वे रिटेल के लिए सप्लाई शायद न कर पाए। ऐसे में जो डिवाइसेस स्टोरेज कैपेसिटी के साथ आते हैं जैसे कि फोन, टैबलेट, लैपटॉप या टीवी, वे और भी ज्यादा महंगे हो सकते हैं।

- कंपनी को साल भर के प्रोडक्शन के बराबर ऑर्डर मिल गए

## पहले ही महंगे हुए हैं स्मार्टफोन

एआई बूम की वजह से इंडस्ट्री पहले ही रैम की किल्लत झेल रही है। इसकी वजह से रीयलमी और मोटोरोला जैसी कंपनियों ने अपने फोन 3000 से 4000 रुपए तक महंगे कर दिए हैं। सैमसंग ने भी अपने कुछ स्मार्टफोन के दामों में थोड़ी बढ़ोतरी की है, लेकिन अब लगता है कि कीमतों में भारी इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 6 महीने में स्मार्टफोन और लैपटॉप में इस्तेमाल होने वाली रैम की कीमतों में 60 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। ऐसा करने वालों में सैमसंग भी शामिल है।

*एआई कंपनियों को स्टोरेज की जरूरत : दरअसल एआई कंपनियों को रैम की रफ्तार के साथ-साथ अपने डेटा का बैकअप रखने, बेकार डेटा को संभालने और प्रोसेस लॉग को सेव करने के लिए हार्ड डिस्क या कहें कि स्टोरेज की जरूरत भी होती है। यह दौर डेटा सेंटर का है। हर बड़ी टेक कंपनी डेटा सेंटर बनाने में लगी है। इसके लिए क्लाउड सर्विस प्रोवाइडर्स को स्टोरेज की जरूरत होगी।*

# आईडीएफसी ने लॉन्च किया हैलो कैशबैक क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हैलो कैशबैक क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कार्ड फिक्स्ड डिपॉजिट पर आधारित है और खासतौर पर डिजिटल तरीके से खर्च करने वाले ग्राहकों के लिए बनाया गया है। यह 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के युवाओं के लिए उपयोगी है, जो ऑनलाइन और यूपीएआई के जरिए अधिक लेन-देन करते हैं। इस कार्ड की मदद से ग्राहक अपनी क्रेडिट हिस्ट्री बनाना शुरू कर सकते हैं। साथ ही, रोजमर्रा के डिजिटल पेमेंट पर उन्हें आकर्षक और अलग तरह का कैशबैक लाभ भी मिलेगा। हैलो कैशबैक क्रेडिट कार्ड में शानदार और अलग तरह का कैशबैक स्ट्रक्चर दिया गया है।

**आवश्यकता है**

11 हरियाणा, बटालियन NCC भिवानी को अधिकारी के रहने के लिए दो (2) रूमसैट) की आवश्यकता है।

संपर्क करें - 9549537133

**सार्वजनिक सूचना**

तहसील परिसर, रेवाड़ी में फोटो स्टेट दुकान (तहसील संबन्धित कार्य) को किराये पर देने के लिए खुली बोली दिनांक 25.02.2026 को प्रातः 11 बजे बाल भवन, रेवाड़ी में होगी। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन दिनांक 24.02.2026 को साँय 4.00 बजे तक बाल भवन, मॉडल टाउन, रेवाड़ी कार्यालय में 10000/- रूपये अमानत राशि के बैंक ड्राफ्ट (जिला बाल कल्याण परिषद, रेवाड़ी के नाम से) के साथ जमा करवाकर भाग ले सकता है। नियम एवं शर्तें कार्यालय web site:wwwdccwrewari.com. पर उपलब्ध है।

हस्ता/-जिला बाल कल्याण अधिकारी।
रेवाड़ी।

## 'भारत एआई मिशन' के अनुरूप किया गया समझौता

# एलएंडटी और एनवीडिया में गीगावाट स्तर की 'एआई फैक्ट्री' के लिए करार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंजीनियरिंग क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को एनवीडिया के साथ एक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक एआई महाशक्ति बनाने के लिए गीगावाट स्तर का 'एआई फैक्ट्री' बुनियादी ढांचा तैयार करना है। यह साझेदारी देश के डिजिटल और औद्योगिक बदलाव के बीच उन उद्यमों, नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के दिग्गजों को लक्षित करती है, जो बड़े पैमाने पर एआई क्षमता की तलाश में हैं।

यह उद्यम एलएंडटी की इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचे के विकास की विशेषज्ञता को एनवीडिया के एआई मंच के साथ जोड़ता है जिसमें जीपीयू और सीपीयू के साथ सॉफ्टवेयर स्टैक भी शामिल हैं। बीएसई को दी गई जानकारी में एलएंडटी ने कहा कि यह उपक्रम प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर एआई वर्कलोड का समर्थन करने के लिए आधुनिक डेटा सेंटर ढांचा तैनात करेगा।

## एआई डेटा सेंटर फैक्ट्री बनाने की योजना

*इस पहल के तहत उच्च घनत्व वाले और अगली पीढ़ी के कार्यभार के लिए गीगावाट स्तर की एआई डेटा सेंटर फैक्ट्री बनाने की योजना है जिससे कुशल और टिकाऊ विस्तार संभव हो सकेगा। इसके अंतर्गत चेन्नई में एलएंडटी के 300 एकड़ के विस्तृत परिसर में एनवीडिया जीपीयू क्लस्टर की क्षमता को बढ़ाकर 30 मेगावाट किया जाएगा और मुंबई में कार्यान्वित किए जा रहे नए 40 मेगावाट डेटा सेंटर में भी इसका विस्तार होगा।*

## ढांचा घरेलू जरूरतें पूरा करेगा

'भारत एआई मिशन' के अनुरूप, यह भारत के भीतर महत्वपूर्ण डेटा और मॉडल बनाने और तैनात करने के लिए संप्रभु एआई ढांचा तैयार करेगा, जो वैश्विक स्तर पर भी काम कर सकेगा।यह 'सॉवरेन बाय-डिजाइन' ढांचा घरेलू जरूरतों के साथ-साथ उन वैश्विक क्लाउड प्रदाताओं और उद्यमों की जरूरतों को पूरा करेगा, जो भारत को एक रणनीतिक एआई केंद्र के रूप में देख रहे हैं।





## बुनियादी ढ़ांचा बना रहे

*एलएंडटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रह्मण्यन ने कहा कि एनवीडिया के मंच और एलएंडटी की क्षमता के साथ हम ऐसा बुनियादी ढांचा बना रहे हैं जो एआई के जरिये बड़ा आर्थिक प्रभाव पैदा करेगा। एनवीडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कहा कि एलएंडटी के साथ मिलकर हम विश्व स्तरीय एआई बुनियादी ढांचे की नींव रख रहे हैं, जो भारत के विकास को गति देगा और 'इंडिया एआई' के दृष्टिकोण को साकार करेगा।*

## अगले महीने एफटीए वार्ता के लिए संदर्भ एवं शर्तों को अंतिम रूप दे सकते हैं भारत-कनाडा

**नयी दिल्ली (भाषा)।** अगले महीने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के भारत दौरे के दौरान भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) के लिए बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ एवं शर्तो को अंतिम रूप दे सकते हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संदर्भ एवं शर्तें (टीओआर) एक प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को बताते हैं। दोनों देश पहले एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे थे, लेकिन कनाडा ने वर्ष 2023 में इसे रोक दिया था। अब बातचीत फिर से शुरू करने का फैसला किया है क्योंकि इन दो साल में वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर बहुत कुछ बदल गया है। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष आपसी फायदे वाले व्यापार समझौते के लिए 'टीओआर' को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। अधिकारी ने आगे कहा, ''कनाडा के प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान इसे अंतिम रूप दिये जाने की संभावना है।

## रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख की वजह से अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे बढ़कर 90.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और मजबूत होते डॉलर ने रुपये में तेज बढ़त को रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.60 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.60-90.71 के सीमित दायरे में कारोबार के बाद 90.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त है।

## सर्वम एआई मई में पेश करेगी स्वदेशी 'स्मार्ट चश्मा', एचएमडी के साथ भी साझेदारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय एआई मॉडल विकसित करने वाली कंपनी 'सर्वम' इस साल मई तक भारत में निर्मित अपना 'स्मार्ट चश्मा' बाजार में उतारने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' को संबोधित करते हुए सर्वम के सह-संस्थापक प्रत्युष कुमार ने फीचर फोन में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी लाने के लिए मोबाइल फोन निर्माता 'एचएमडी' के साथ साझेदारी की घोषणा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी की सभी परतों में 'संप्रभुता' बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कुमार ने कहा, /"हम भारत में डिजाइन किए गए पहले स्मार्ट ग्लास 'सर्वम काजे' पर काम कर रहे हैं। बाजार में मौजूद अन्य स्मार्ट चश्मों के विपरीत, सर्वम का यह स्मार्ट चश्मा डेवलपर को इस उपकरण के आधार पर और अधिक एप्लिकेशन तैयार करने की सुविधा प्रदान करेगा।

## विदेशी मुद्रा लेन देन नियम बनेगा आसान

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अधिकृत व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करने का प्रस्ताव रखा, ताकि वे अपने जोखिमों को कम करने, बही-खाता प्रबंधन और वित्तीय कारोबार रणनीति के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन कर सकें। साथ ही रिपोर्टिंग दायित्वों को भी आसान बना सकें। मौजूदा नियमों की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया है। अधिकृत बैंक और स्वतंत्र प्राथमिक डीलर वित्तीय कारोबार रणनीति, बही-खाता प्रबंधन और जोखिमों को कम करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार का उपयोग करते हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग–अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उबिूस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ–आइडेंटिफिकेशन झल्ब (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL. द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उउॅसि को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उबिूस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उउॅसि या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच–पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र–व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**

# चांदी 20 हजार रुपये बढ़कर 2.43 लाख रुपये पर, सोना भी बढ़ा



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी की कीमतें 20,000 रुपये बढ़कर 2.43 लाख रुपये प्रति किग्रा हो गई हैं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 4000 रुपये बढ़कर 1,59000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) पर गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा, ''बुधवार को चांदी में हल्की बढ़त हुई, जो हाल की तेज गिरावट के बाद स्थिर हुई क्योंकि निचले स्तर पर सटोरिया लिवाली उभरी। उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत परिदृश्य को लेकर अनिश्चितता के बीच अल्पावधिक धारणा सतर्क बना हुआ है।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 283 अंक चढ़ा

- बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में रही खरीदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मजबूत वैश्विक रुझान के बीच बुधवार को बैंक, धातु एवं एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 283 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 94 अंक की मजबूती रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 83,734.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 83,770.05 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत बढ़कर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''सतर्क शुरुआत के बाद अंतिम घंटे में व्यापक खरीदारी से बाजार में तेजी आई। बैंकिंग एवं वित्तीय शेयर स्थिर परिसंपत्ति गुणवत्ता की उम्मीदों के कारण मजबूत रहे, जबकि चुनिंदा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''पीएसयू और धातु शेयरों में मजबूती के दम पर घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार तीसरे दिन बढ़त दर्ज की।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(मानव संसाधन प्रभाग-II / Human Resources Division -II)

J N Stadium Complex East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex,
New Delhi-110003
East Gate. No. 10

एफ.सं. 01-04001(01)/3/2025-एचओ कार्मिक प्रभाग दिनांक: 09-02-2026
F. No. 01-04001(01)/3/2025-HO - Personnel Division Date: 09-02-2026

अधिसूचना
NOTIFICATION

**कनिष्ठ अभियंता के पद पर भर्ती खेल उत्कृष्टता के लिए भारत की खोज का हिस्सा बनने का अवसर।**

भारतीय खेल प्राधिकरण (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया SAI), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन कनिष्ठ अभियंता के 03 पदों (01-अनारक्षित (UR), 01-अन्य पिछडावर्ग (OBC) एवं01-अनुसूचितजाति (SC) को नियमित आधार पर पे मैट्रिक्स लेवल-06 (7वां केन्द्रीय वेतन आयोग) में, दिनांक 16.07.2025 की अधिसूचना के क्रम में, कर्मचारी चयन आयोग (SSC) द्वारा जारी "PUBLIC DISCLOSURE OF SCORES, Junior Engineer Examination, 2023" के आधार पर, पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अभ्यर्थी, एसएससी की पब्लिक डिस्क्लोज़र सूची में उल्लिखित उसी ई-मेल आईडी का उपयोग करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के ई-पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी की ई-है, मेल आईडी परिवर्तित हो गई है अथवा कार्यशील नहीं तो वे "Updation of Email ID for Junior Engineer Application Public Disclosure List" विषय पंक्ति के साथ recruitment.cell.sai@gov.in एवं itdivisionhq-sai@gov.in पर ई-मेल भेज सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की वेबसाइट तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय (MYA&S) की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर लें। आवेदन करने हेतु आमंत्रण मत्र से अभ्यर्थिता की अंतिम स्वीकृति नहीं मानी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन अवधिः 11.02.2026 (प्रातः 10:00 बजे) से 26.02.2026 (सायं 05:00 बजे) तक किसी भी स्पष्टीकरण हेतुः recruitment.cell.sai@gov.in पर जाएं।

CBC 47103/12/0018/2526

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** – मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## राजस्थान के पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल 18 से 23 फरवरी तक चंडीगढ़ एवं पंजाब के दौरे पर




**चंडीगढ़।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर द्वारा राजस्थान के वरिष्ठ संपादकों एवं पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल 18 से 23 फरवरी, 2026 तक चंडीगढ़ एवं पंजाब के दौरे पर है। इस दौरे का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रमुख विकास परियोजनाओं, नवाचार पहलों तथा विभिन्न संस्थानों की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना है। चंडीगढ़ दौरे के दौरान पत्रकार दल स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कौशल विकास एवं औद्योगिक नवाचार से जुड़े प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों का भ्रमण करेगा। दल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उन्नत चिकित्सा सेवाओं का अवलोकन करेगा। इसके अतिरिक्त दल शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा भारतीय रेलवे के विभिन्न परियोजनाओं का भी दौरा करेगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की जाएगी।

## जेईई में रेजोनेंस ने फिर लहराया अपना परचम



**कोटा।** रेजोनेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित जेईई (मेन) 2026 जनवरी सत्र के परिणामों में रेजोनेंस के विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। संस्थान से कुल 105 विद्यार्थियों ने (99 क्लासरूम, 6 दूरस्थ) 99 परसेंटाइल से अधिक अंक अर्जित किए हैं. जिससे उन्होंने जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा में उत्कृष्ट रैंक हेतु अपनी मजबूत दावेदारी सुनिश्चित की है। कोटा केन्द्र से सफल विद्यार्थियों में स्नेहिल आनंद. वंश अरोडा, हर्षवर्धन रघुवंशी, दिव्यांश अग्रवाल. कुलवीर सिंह, स्वयंदीप साहू, पारिजात चतुर्वेदी, अनुपम पाल, आदित्य राज, हर्ष अग्रवाल, गौतम आनंद, लक्ष्य शुक्ला, अनंत त्रिपाठी, पार्थ कुमार, मयंक राज, आदित्य आनंद, प्रथम सुमन, नमन मित्तल, उज्ज्वल कुमार ने कक्षा 12वीं के साथ यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

## शब्द पहेली - 6143



***बाएँ से दाएँ***


1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

***ऊपर से नीचे***

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

***शब्द पहेली -6142 का हल***

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | वा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |



# पोलिंग बूथ पर मोबाइल ले जाने की छूट ईवीएम पर पहली बार रंगीन फोटो होगी

## असम चुनाव में बड़ा बदलाव, 1200 वोटर की लिमिट भी की गई सेट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कई अहम बदलावों की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस बार ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटोज लगाई जाएंगी। इसके अलावा उनके नाम और सीरियल नंबर भी बड़े फॉन्ट में दिखेंगे ताकि मतदाताओं की पहचान आसानी से हो सके। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1,200 मतदाताओं की सीमा तय की गई है। खास बात यह है कि पहली बार असम में मतदाता अपने मोबाइल फोन मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर जमा कर सकेंगे जिससे मतदान प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बन सके।

### यह होगा हर मतदान केंद्र में

असम में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'हमारे जो उम्मीदवार होते हैं, उनकी भी ये शिकायत होती थी कि उनके जो फोटोज होते हैं, वो इतने पुराने होते हैं कि मतदाता उन्हें पहचान ही नहीं पाते। इसलिए पहली बार ईवीएम पर उम्मीदवारों की कलर फोटोज डिस्प्ले की जाएंगी और उनके नाम व सीरियल नंबर बड़े फॉन्ट में दिखाए जाएंगे। हमने हर मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा तय की है। जिससे लाइनें बहुत लंबी ना हों और मतदाताओं को बहुत ज्यादा देर इंतजार ना करना पड़े।'

### ये हैं नए इनिशिएटिव

ज्ञानेश कुमार ने कहा, 'जहां तक नए इनिशिएटिव की बात है तो असम में पहली बार मतदाताओं को यह मौका मिलेगा कि मोबाइल घर पर छोड़कर जाने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से पोलिंग बूथ के दरवाजे तक अपना फोन लेकर जा सकते हैं। और बाहर मोबाइल फोन रखने के बाद अंदर जाकर वोट करें और वापस अपना फोन लें। यह मांग काफी लंबे समय से हो रही थी तो चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया कि यह सुविधा दी जानी चाहिए।' मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 'अभी तक राजनीतिक दलों को पोलिंग बूथ से काफी दूर बैठाया जाता था। लेकिन अब मतदाताओं की मदद के लिए वे 100 मीटर दूर अपनी टेबल लगा सकते हैं।'

# ममता बोलीं- ईडी केंद्र का हथियार, एजेंसी ने कहा- हमें बंगाल में धमकाया

सुप्रीम कोर्ट में चल रही है सुनवाई

पश्चिम बंगाल में कुछ ही महीनों में होने हैं विधानसभा चुनाव




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आई-पीएसी से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे।

# ईरान को 50 फाइटर जेट्स ने घेरा मिडिल ईस्ट में मची फिर खलबली

**वाशिंगटन।** ईरान पर आक्रमण की अटकलों के बीच अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा दी है। बीते 24 घंटों में अमेरिका ने 50 से अधिक लड़ाकू विमान इस क्षेत्र की ओर भेजे हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब ईरान के साथ उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर नई कूटनीतिक बातचीत भी जारी है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह क्षेत्र में वायु और नौसैनिक ताकत को मजबूत करने की एक बड़ी कार्रवाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, एफ-22, एफ-35 और एफ-16 जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स के साथ कई एयर रिफ्यूलिंग टैंकर भी मध्य पूर्व की ओर बढ़ते देखे गए हैं। सैन्य विमानन पर नजर रखने वाले स्वतंत्र ट्रैकिंग डेटा से भी इसकी पुष्टि हुई है।



# रोबोट्स ने बच्चों के साथ मार्शल आर्ट्स, डांस भी किया

**नई दिल्ली।** चीन में हाल ही में स्प्रिंग फेस्टिवल गाला, 2026 आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में इस बार असली सितारे इंसान नहीं, बल्कि ह्यूमनॉइड रोबोट थे। दरअसल, चीन ने दुनिया को अपनी तकनीकी ताकत दिखाई। इस कार्यक्रम में इंसानों जैसे दिखने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मार्शल आर्ट्स और डांस किया। करीब 25 रोबोट्स बच्चों के साथ तलवार भांजते, बैकलिफ्ट करते और डंडे घुमाते हुए डांस करते दिखाई दिए। यह प्रदर्शन देख दुनिया हैरान रह गई। इसी वजह से इस साल चीन का ये सांस्कृतिक कार्यक्रम इस बार सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।




## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

**नामपता नामालुम मृतक की शिनाख्त हेतू अपील**

नामपता नामालूम मृतक आज दिनांक 16.02.2026 को सैक्टर 18 प्राईवेट मैडिकल की खाली पड़ी जगह रेवाड़ी में एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश लावारिस हालत में मिली है।
उम्र- लगभग 30 साल
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- गोल चेहरा, रंग सांवला, कद लगभग 5 फुट 2 इंच
उम्र लगभग 30 साल



पहनावा - सलेटी रंग का अंडरवियर, ब्लू रंग की हुड्डी, ब्राउन रंग की शर्ट, हरे रंग की टी-शर्ट, गुलाबी रंग की सेंडो बनियान, कमर में तागड़ी व नीले रंग की जीन्स पहने हुए है। उपरोक्त नाश मोर्चरी सामान्य अस्पताल रेवाड़ी में शिनाख्त हेतू रखवाई हुई है जिसके वारसान बारे अभी तक कोई सुराग नहीं चल सका है। यदि किसी थाना में गुमशुदा हो या किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नंबरो पर सुचित करे।

1. प्रबंधक थाना माडल टाउन रेवाड़ी मो. नं. 7056666122
2. पुलिस कंट्रोल रुम रेवाड़ी मो. नं. 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना माडल टाउन रेवाड़ी मो. नं. 7027953410

पीआरडीएच 1084/11/4480/2026/43118/88/6 दि. 18.02.2026



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में कन्या गुरूकुल दोभी, आदमपुर में 7.5 केडब्ल्यू रूफटॉप हाईब्रिड सोलर पावर प्लांट का प्रावधान + 1 कार्य। | 17.02.2026<br>27.02.2026 | 24.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, सिरसा में फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान। | 17.02.2026<br>26.02.2026 | 21.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651<br>pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | यमुना नदी बाढ़ 2025 के पश्चात आबादी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 7 अदद नये स्टोन स्टड्स और स्टोन रिवेटमेंट का निर्माण करके मोदीपुर कॉम्पलैक्स की सुरक्षा का प्रावधान + 8 कार्य। | 16.02.2026<br>25.02.2026 | 2003.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008<br>xeninddivn@yahoo.in |
| 4 | पंचायती राज रेवाड़ी | 3 अदद प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाईयों की आपूर्ति (श्रेड्डर, बेलिंग, डस्ट रिमूविंग मशीन)। | 18.02.2026<br>27.02.2026 | 48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077<br>xenpr.rwr@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव लाडावास में आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण, एचआरडीएफ। | 12.02.2026<br>20.02.2026 | 157.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव काकरौली हुकमी ब्लॉक बाढड़ा में फिरनी (लोनिवि रोड से ओम धारा खेत तक, 2. राजपाल जांगड़ा के मकान से शमशान घाट / तालाब तक) का निर्माण + 1 कार्य। | 12.02.2026<br>20.02.2026 | 72.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिरशमी ब्लॉक गन्नौर में ई-लाइब्रेरी का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि<br>25.02.2026 | 432.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006<br>prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव गोपी में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण + 4 कार्य। | 12.02.2026<br>20.02.2026 | 228.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008<br>xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएस-9271:2004, आकार 80 मिमी ओ.डी., 160 मिमी ओ.डी., 200 मिमी ओ.डी., 294 मिमी ओ.डी. के अनुरूप परफोरेटेड कॉरूगेटेड पीवीसी पाइप्स और फिटिंग्स की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध। | 19.02.2026<br>05.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ऑप्टीकल एमिशन स्पेक्ट्रोमीटर (फेरस और नॉन-फेरस सामग्रियों के कम्पोजीशन अलाऊ का निर्धारण)। | 18.02.2026<br>05.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in<br>dsndharyana.gov.in | 0172-2570122<br>Supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा जगाधरी | कौशल्या डैम, पंचकूला में सप्लीमेंटरी स्पिलवे और स्टिल्लिंग बेसिन का निर्माण। | 17.02.2026<br>12.03.2026 | ईएमडी 39.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813608585<br>xenhkbone@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा जगाधरी | यमुना नदी से गांव नागला रांगड़ान और संधाला की कृषि भूमि के संरक्षण हेतु 1216 फुट 03 टीयर स्टोन स्टेइनिंग के निर्माण के लिए सीएचईएमई। | 16.02.2026<br>02.03.2026 | ईएमडी 5.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729441426<br>xenhkbone@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग हरियाणा के जल सेवा मंडल कुरुक्षेत्र में नये चलायमान 20 अदद ईपी सैट्स 3सीएस. क्षमता और 10 अदद ईपी सैट्स 5 सीएस. क्षमता के लिए एक्सेसरीज फिटिंग। | 18.02.2026<br>05.03.2026 | 14.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2580542<br>xenproc@gmail.com |
| 14 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस के लिए 180 अदद डेस्कटॉप कम्प्यूटर की खरीद। | 17.02.2026<br>26.02.2026 | ईएमडी 1.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319<br>Supdt.provphq@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/280/43143/I/88/6 दि. 18.02.26



## भारतीय सेना

www.joinindianarmy.nic.in

### अग्निपथ योजना के तहत सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए जानकारी
### (भर्ती वर्ष 27 के लिए पंजीकरण 14 फरवरी 2026 से प्रारम्भ 01 अप्रैल 2026 तक)

### विशेषताएं

(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है और कानूनी रूप से अवैध है)
( - www.joinindianarmy.nic.in- पर प्रकाशित कोर्स अधिसूचना - प्रविष्टि के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु देखना चाहिए)

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | 1. अग्निवीर जनरल ड्यूटी<br>2. अग्निवीर टेक्निकल<br>3. अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल<br>4. अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 10वीं उत्तीर्ण और 8वीं उत्तीर्ण)<br>5. कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस में अग्निवीर महिलाएं जनरल ड्यूटी<br>**टिप्पणी** :- अग्निवीर उम्मीदवार उनकी पात्रता पर आधारित किन्हीं दो श्रेणियों (ऊपर दिये अनुसार) के लिए आवेदन कर सकते हैं। | पैरा-1 |
| आयु | 17½-21 वर्ष (न्यूनतम और अधिकतम आयु की गणना भर्ती वर्ष अर्थात 2027 के 01 जनवरी और 01 जुलाई क्रमशः के अनुसार की जाएगी).<br>**केवल महिलाओं के लिए** हार्नस में मारे गये सैन्य कार्मिकों की विधवाओं के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा आयु की 30 वर्ष तक (प्रशिक्षण ज्वाइन करने की तिथि के अनुसार) छूट योग्य होगी। | पैरा-1 |
| शैक्षणिक योग्यता | उम्मीदवार को वेबसाइट **www.joinindianarmy.nic.in** पर प्रदान की गई बोर्डों की सूची के अनुरूप शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त विद्यालय शिक्षा बोर्डों से अवश्य उत्तीर्ण की हुई होनी चाहिए। | |
| शारीरिक माप मानक (पीएमटी : ऊंचाई, वजन और छाती फुलाव) | क्षेत्र और विशेष छूटों के अनुरूप। | पैरा-5 |
| शारीरिक फिटनेस परीक्षण (पीएफटी) | शारीरिक फिटनेस परीक्षण (पीएफटी) में क्वालीफाइ करना चयन के लिए अनिवार्य है :-<br>**पुरूष हेतु** :- 1.6 कि.मी. दौड़, बीम (पुल अप्स) और 9 फीट खाई और जिगजैग बैलेंस में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>**महिला हेतु** :- 1.6 कि.मी. दौड़, बीम (पुल अप्स) और 7 फीट खाई और जिगजैग बैलेंस में क्वालीफाइ करना आवश्यक है।<br>**टिप्पणी** :- अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर क्लर्क / स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सभी शारीरिक परीक्षणों में केवल क्वालीफाइ करना आवश्यक है। | पैरा-24 |
| वैवाहिक स्थिति | पुरूष - अविवाहित केवल। | पैरा-18 |
| | महिलाएं - अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा अथवा कानूनी रूप से अलग हुई, जिनके कोई बच्चे नहीं है बशर्ते कि सभी अन्य पात्रता मानदंड पूर्ण करती हों। | पैरा-18 और पैरा-1 |
| भर्ती प्रक्रिया | ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन > ऑनलाइन कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) > भर्ती रैली (पीएफटी और पीएमटी) > चिकित्सा > दस्तावेजीकरण | पैरा-19 |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | अंतरिम रूप से 01 से 15 जून 2027 तक निर्धारित (अंतिम तिथियां अलग से सूचित की जाएंगी) | |
| कॉमन प्रवेश परीक्षा | कॉमन प्रवेश परीक्षा (सीईई) 13 भाषाओं (अर्थात अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम, कन्नड़, तमिल, तेलगू, पंजाबी, ओडिया, बंगाली, उर्दू, गुजराती, मराठी और असमी) में आयोजित की जाएगी। | पैरा-21.6 |
| प्रशिक्षण अवधि | 24 सप्ताह | |
| अवकाश | प्रति वर्ष 30 दिन का अवकाश अग्निवीरों के लिए लागू होगा। इसके अतिरिक्त, बीमारी अवकाश, सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकित्सा सलाह पर आधारित देय होगा। | पैरा-11 |

वेतन, भत्ते और सम्बद्ध लाभ (पैरा-13 और 14):

| वर्ष | कस्टमाइज्ड पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीरों के कॉर्पस फंड को योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्पस फंड को योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े रु. में (मासिक योगदान) (लगभग) | | | | |
| प्रथम वर्ष | 30,000/- | 21,000/- | 9,000/- | 9,000/- |
| द्वितीय वर्ष | 33,000/- | 23,100/- | 9,900/- | 9,900/- |
| तृतीय वर्ष | 36,500/- | 25,550/- | 10,950/- | 10,950/- |
| चतुर्थ वर्ष | 40,000/- | 28,000/- | 12,000/- | 12,000/- |

| श्रेणी | वर्णन | विस्तृत अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| सेवा निधि | चार वर्ष के पश्चात अग्निवीरों के कॉर्पस फंड में कुल योगदान — रु. 5.02 लाख — रु. 5.02 लाख<br>4 वर्ष के पश्चात निकास — सेवानिधि पैकेज के तौर पर लगभग रु. 10.04 लाख (ब्याज को छोड़कर पूर्ण राशि) | पैरा-14 |
| जीवन बीमा कवर | अग्निवीर को उनकी नियुक्ति अवधि के दौरान रु. 48 लाख का गैर-अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| मृत्यु मुआवजा | रु. 48 लाख के बीमा कवर के अतिरिक्त, सेवा के कारण मृत्यु के लिए रु. 44 लाख का एक बारगी अनुग्रह, निकटतम सम्बन्धी (एनओके) को प्रदान किया जाएगा। | पैरा-15 |
| चिकित्सा और सीएसडी सुविधा | भारतीय सेना अग्निवीरों में उनकी नियुक्ति अवधि के समय के लिए सर्विस हॉस्पीटल्स में चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ सीएसडी प्रावधानों के लिए हकदार होंगे। | पैरा-12 |
| अग्निवीरों की नियुक्ति अवधि | 04 वर्ष। भारतीय सेना चार वर्षों की नियुक्ति अवधि के बाद अग्निवीरों को पुनः रखने के लिए बाध्य नहीं है। | पैरा-8 |
| सैनिक के तौर पर एनरोलमेंट (रेगुलर कैडर) | सेवा के चार वर्ष पूर्ण करने पर, संगठन की आवश्यकताओं और लागू की गई नीतियों पर आधारित, अग्निवीरों के प्रत्येक विशिष्ट बैच का 25% तक रेगुलर कैडर के तौर पर भारतीय सेना में एनरोल किए जाएंगे। | पैरा-8 |

**अस्वीकरण**

*विज्ञापन में दिये गये नियम एवं शर्तें केवल दिशा-निर्देश हैं और सरकार द्वारा जारी आदेश, समय-समय पर संशोधित अनुसार, चयनित उम्मीदवारों के लिए लागू होंगे।*
*भारतीय सेना बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर पूर्ण चयन प्रक्रिया अथवा प्रक्रिया के किसी भाग को निरस्त करने / संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।*
*परीक्षण के दौरान किसी प्रकार के अनाचार / अनुचित साधनों में लिप्त पाये गये उम्मीदवारों को स्थायी रूप से वंचित कर दिया जाएगा। पंजीकरण के दौरान दर्ज किया गया डेटा अन्तिम होगा और बाद में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी। गलत डेटा की एंट्री करने पर उम्मीदवारी अयोग्य कर दी जाएगी।*

सीबीसी-10601/11/0082/2526

## चिंतन

# छद्म दिखावे में फंसी गलगोटिया यूनिवर्सिटी

ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी इन दिनों ऐसे विवाद के केंद्र में है, जिसने केवल एक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की उभरती तकनीकी छवि पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर हुए एआई एक्सपो में प्रदर्शित रोबोटिक डॉग और सॉकर ड्रोन को लेकर उठे सवालों ने यह बहस तेज कर दी है कि क्या हम नवाचार के नाम पर 'छद्म दिखावे' की राह पर तो नहीं बढ़ रहे? मामला तब गरमा गया, जब एक वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह ने रोबोटिक डॉग 'ओरियन' को विश्वविद्यालय के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में विकसित बताया। साथ ही यह भी दावा किया कि एआई क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है, लेकिन टेक विशेषज्ञों और सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि यह रोबोट असल में चीनी कंपनी का है, जो बाजार में 2 से 3 लाख रुपये में उपलब्ध है। विवाद यहीं नहीं थमा। सॉकर ड्रोन को भी विश्वविद्यालय द्वारा 'इन-हाउस' विकसित बताने का दावा किया गया, जबकि जानकारों का कहना है कि वह दक्षिण कोरिया की किसी कंपनी का उत्पाद है। भारत आज एआई, रोबोटिक्स और डीप टेक के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की किरकिरी हुई है। चीनी मीडिया ने इस मामले को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाया है। हालांकि सरकार ने डैमेज कंट्रोल करते हुए एक्सपो वेन्यू खाली कराने के आदेश देकर त्वरित कार्रवाई की। यह कदम इस बात का संकेत है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की साख को लेकर संवेदनशीलता बरती जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त है? या हमें उच्च शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही की एक सख्त संस्कृति विकसित करनी होगी? यदि किसी विदेशी उत्पाद को 'अपना विकसित' बताकर प्रस्तुत किया गया है तो यह केवल नैतिक चूक नहीं, बल्कि अकादमिक ईमानदारी पर भी सवाल है। नवाचार की दुनिया में विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है। एक बार भरोसा टूटे तो उसे वापस पाना आसान नहीं होता। सबसे बड़ी चिंता उन छात्रों की है जो इस संस्थान में पढ़ रहे हैं। वे इस विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, लेकिन असर उनके भविष्य पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और रिसर्च संस्थान जब किसी विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी करते हैं, तो उसकी विश्वसनीयता को भी परखते हैं। यदि किसी संस्थान की छवि संदिग्ध बनती है, तो प्लेसमेंट और सहयोग के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। यदि गलती हुई है तो उसे स्वीकार करना ही संस्थान की विश्वसनीयता बहाल करने का पहला रास्ता होगा। दूसरा, विश्वविद्यालयों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे 'डेवलपमेंट', 'इंटीग्रेशन' और 'डेमो' जैसे शब्दों का उपयोग किस संदर्भ में कर रहे हैं। किसी उत्पाद का कस्टमाइजेशन या रिसर्च-आधारित उपयोग और उसे पूरी तरह विकसित करने में जमीन-आसमान का अंतर है। नियामक संस्थाओं को भी तकनीकी प्रदर्शनों और दावों की सत्यता की समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए। इससे भविष्य में ऐसे विवादों की संभावना कम होगी। गलगोटिया विवाद केवल एक विश्वविद्यालय की कहानी नहीं है। यह उस दबाव की भी कहानी है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खुद को साबित करने की जल्दबाजी में कभी-कभी सीमाएं लांघ जाते हैं। छद्म दिखावे से क्षणिक सुर्खियां मिल सकती हैं, लेकिन दीर्घकालिक सम्मान केवल ईमानदार नवाचार से ही मिलता है।



भारत-बांग्लादेश
राज कुमार सिंह

# सत्ता परिवर्तन से सुधरेंगे संबंध?

**अगस्त, 2024 में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत-बांग्लादेश संबंधों में कटुता चरम पर दिखी। बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों, उनके धर्मस्थलों एवं घरों-व्यावसायिक ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया। जिस भारत के सहयोग से 1971 में पाकिस्तान के शिकंजे और दमनचक्र से मुक्त होकर बांग्लादेश स्वतंत्र देश बन पाया, उसी के विरोध में यूनुस सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती तक चली गई। ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि परंपरागत घरेलू राजनीति के चक्रव्यूह में फंसने के बजाय तारिक देश के बेहतर भविष्य की राह पर चलने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं।**

भारत के सबसे अप्रत्याशित और नए दुश्मन देश बांग्लादेश में नव निर्वाचित सरकार पदारूढ़ हो गई। 17 साल बाद ब्रिटेन से स्वदेश लौट कर चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का नेतृत्व करने वाले तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया था, पर भारत का प्रतिनिधित्व किया लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने। भारत की ओर से शुभकामना पत्र देते हुए बिरला ने तारिक को भारत यात्रा का निमंत्रण भी दिया। अगस्त, 2024 में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत- बांग्लादेश संबंधों में कटुता चरम पर दिखी। बांग्लादेश में हिंदू नागरिकों, उनके धर्मस्थलों एवं घरों-व्यावसायिक ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाया गया। हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं भी हुईं। जिस भारत के सहयोग से 1971 में पाकिस्तान के शिकंजे और दमनचक्र से मुक्त होकर बांग्लादेश स्वतंत्र देश बन पाया, उसी के विरोध में यूनुस सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती तक चली गई।

बेशक जेन जी के विद्रोह से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत द्वारा शरण से भी परस्पर कटुता बढ़ी, लेकिन एक दोस्त देश का दुश्मनों से हाथ मिला लेना बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि दोनों के बीच लंबी सीमा है। इसी कटुता के परिणामस्वरूप बांग्लादेश ने पाकिस्तान के उकसावे में आकर टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट का बहिष्कार भी कर दिया। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता परिवर्तन से भारत-बांग्लादेश संबंध सुधरेंगे ? बेशक तारिक रहमान ने चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे आशंकित हुआ जाए। ज्यादातर जानकार उनके 31 सूत्रीय एजेंडा को बेहतर संबंधों की संभावना का ही संकेत मानते हैं। जमात-ए-इस्लामी पार्टी और शेख हसीना सरकार के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जेन जी की नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) की तरह भारत विरोधी कार्ड खेलने से तारिक ने परहेज ही किया। डिजिटल डोमेन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस आदि के जरिए तारिक बांग्लादेश को रेनबो नेशन बनाने का सपना दिखा रहे हैं, जिसमें भारत से संबंध सुधार की संभावनाएं प्रबल हो सकती हैं।

तारिक मंत्रिमंडल में एक-एक हिंदू और बौद्ध को भी शामिल किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि वह जिया उर रहमान और खालिदा जिया के राजनीतिक वारिस हैं, जो भारत विरोध की ही राजनीति करते रहे। यह तो ऐतिहासिक सच है कि बांग्लादेश के जनक माने जाने वाले बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान और उनकी बेटी शेख हसीना भारत के सबसे विश्वसनीय दोस्त रहे, जिन्हें पहले जिया उर रहमान और फिर खालिदा जिया राजनीतिक चुनौती देते रहे। यह भी कि जिया उर रहमान और खालिदा जिया के शासन में भारत-बांग्लादेश संबंध कभी भी सहज नहीं रहे। संसद के जिन चुनावों में प्रचंड जीत के जरिये तारिक रहमान ने सत्ता हासिल की है, उनमें शेख हसीना की आवामी लीग को भाग नहीं लेने दिया गया। शेख हसीना इन



चुनावों को मानने को भी तैयार नहीं हैं। जाहिर है, यूनुस सरकार द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण का आग्रह तारिक सरकार भी दोहराएगी।

लगभग डेढ़ साल से भारत में रह रहीं शेख हसीना के प्रत्यर्पण का फैसला निश्चय ही भारत के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि उनके तख्तापलट के पीछे अन्य देशों की भूमिकाओं की चर्चा भी आम रही है। ऐसे में दोनों परिवारों की परंपरागत कटुता के अलावा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भी तारिक सरकार के लिए शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा गरमाये रखना अनुकूल साबित होगा। कभी बीएनपी की राजनीतिक दोस्त रही कट्टरपंथी और पाकिस्तानपरस्त जमात-ए-इस्लामी इस बार मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी है। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट की अगुआ बनी एनसीपी को मतदाताओं ने तो चुनाव में नकार दिया, पर नई सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही उसने 'जुलाई चार्टर' के मुद्दे पर संघर्ष का ऐलान कर दिया है। दरअसल 12 फरवरी को संसद के चुनाव के साथ ही जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह भी हुआ था। आंकड़े बताते हैं कि 62 प्रतिशत लोगों ने इसके पक्ष में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नवनिर्वाचित संसद को 180 दिन तक संविधान सभा के रूप में काम करना चाहिए, जिस दौरान संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं में संशोधन किए जाने हैं, लेकिन बीएनपी के सांसदों ने यह कह कर संविधान सभा के सदस्य के रूप में शपथ लेने से इनकार कर दिया कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है।

वे सिर्फ संसद के लिए चुने गए हैं, न कि किसी संविधान परिषद के लिए। जुलाई चार्टर के मुताबिक, कोई भी नेता अधिकतम दस साल या दो कार्यकाल के लिए ही प्रधानमंत्री रह पाएगा। प्रधानमंत्री अपने दल का अध्यक्ष नहीं रह सकेगा। साथ ही कई स्वतंत्र संस्थाओं के प्रमुखों की नियुक्ति में राष्ट्रपति की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाएगी। इतना ही नहीं, आपातकाल लगाने का फैसला भी केबिनेट और विपक्ष के नेता की लिखित सहमति से ही हो पाएगा। संसद का उच्च सदन भी बनेगा, जो प्रधानमंत्री चुनने वाले निचले सदन के फैसलों को नियंत्रित कर सकेगा। दरअसल सत्ता का विकेंद्रीकरण करने के मकसद से जुलाई चार्टर में 80 से भी अधिक सुधार-प्रस्ताव हैं, जिनमें से लगभग आधे संविधान संबंधी हैं।

बीएनपी ने भी जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन चुनाव जीतने के बाद उसके कई नेताओं का तर्क है कि न तो चार्टर तैयार करते समय उनसे सलाह ली गई थी और न ही संविधान में ऐसी किसी परिषद का प्रावधान है, जो उस पर अमल कर सकें। जाहिर है, आने वाले दिनों में जुलाई चार्टर पर बांग्लादेश में राजनीतिक टकराव बढ़ेगा। तारिक के पास अपने पिता जिया और मां खालिदा जैसा राजनीतिक अनुभव नहीं है, पर विदेश प्रवास के चलते देश के लिए नए सपने हो सकते हैं। उनकी अनुभवहीनता के चलते भारत विरोधी चीन और पाकिस्तान भी उन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहेंगे।

ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि परंपरागत घरेलू राजनीति के चक्रव्यूह में फंसने के बजाय तारिक देश के बेहतर भविष्य की राह पर चलने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं। इतिहास भी बताता है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश में भी 'भारत विरोध' तमाम समस्याओं से ध्यान हटाने का सरकारों का आजमाया हुआ नुस्खा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक है, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



नृसिंहवाड़ी कोल्हापुर जिले का एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है। यह दत्ता भक्तों की राजधानी होने के लिए जाना जाता है। कृष्णा और पंचगंगा नदियों के पवित्र संगम पर स्थित, महाराष्ट्रीयन इतिहास के प्रसंगों में इसका व्यापक महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार इस मंदिर का निर्माण बीजापुर जिले के एक मुस्लिम राजा आदिल शाह ने करवाया था। मंदिर की अपनी स्थापत्य विशेषता है।

## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
**दर्शन**

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है।राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# मराठा अस्मिता के रक्षक थे महायोद्धा छत्रपति शिवाजी

छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा संस्कृति के प्रखर संरक्षक थे। शिवाजी महाराज भारतीय संस्कृति और धर्म के शाश्वत मूल्यों के ध्वजवाहक रहे। इनका जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उनके पिता शाह जी भोंसले तथा माता जीजाबाई थी। इनका मूल नाम शिवाजी भोसले था, लेकिन उनके सुशासन और नेतृत्व कुशलता के कारण इनको छत्रपति अर्थात क्षत्रियों का प्रमुख की उपाधि दी गई। शिवाजी के फौलादी चरित्र के निर्माण में माता जीजाबाई का बहुत बड़ा योगदान था। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मानस पटल पर भारत देश की महान धार्मिक संस्कृति तथा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत संस्कारों को पल्लवित किया था ,जिसके परिणाम स्वरूप युवावस्था में ही शिवाजी महाराज ने मुगलों के आततायी शासन से टकराने का संकल्प लिया। मराठा संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के अपने विराट संकल्प का प्रारंभ इन्होंने 1645 ईस्वी में तोरण किले पर अधिकार करके किया। शिवाजी का संपूर्ण जीवन महान आदर्शों की गाथा है। मराठा संस्कृति से परिपूर्ण स्वराज की स्थापना के दृढ़ संकल्प के बल पर शिवाजी ने सीमित साधनों के होते हुए विशाल मुगल सेना से टक्कर ली। पराक्रमी वीर योद्धा शिवाजी ने विकट से विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए स्वराज्य की ज्योति जलाई। छत्रपति की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने मराठा साम्राज्य को एक नए युग में पहुंचाया। छत्रपति शिवाजी का संघर्ष एक शासक के रूप में सत्ता पाना नहीं था, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता की अवधारणा को स्थापित करना था। गोरिल्ला युद्ध और छापा मार अभियानों के शिवाजी पूर्ण रूप से पारंगत थे। युद्ध नीतियों के मर्मज्ञ शिवाजी ने गोरिल्ला युद्ध के माध्यम से मुगलों को पराजित किया। छत्रपति की यह विशेषता थी कि वह शत्रु पर अचानक आक्रमण करके उनको चौंका देते थे। शिवाजी और उनके मराठा रणबांकुरे जब युद्ध के मैदान में 'जय भवानी जय शिवाजी' एवं 'हर हर महादेव' के युद्ध जय घोषों से उतरते थे तो उनके पराक्रम और साहस के समक्ष मुगल सेना के हौसले परास्त हो जाते थे। शिवाजी ने 1659 प्रतापगढ़ के युद्ध में औरंगजेब की ओर से बीजापुर के अफजल खान के विरुद्ध ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी। इस युद्ध में शिवाजी ने अपनी बुद्धिमत्ता से अफजल खान को बुरी तरह प्राप्त किया था। 1660 में शिवाजी ने बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत को कोल्हापुर के युद्ध में पराजित किया। 1661 में उबरखिंड के युद्ध में भी शिवाजी ने विजय प्राप्त की। 17वीं सदी के मध्य में शिवाजी ने मुगलों के आक्रमणों के विरुद्ध शारीरिक युद्ध ही नहीं लड़ा, बल्कि उन्होंने भारत के सांस्कृतिक, धार्मिक तथा सामाजिक अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। महान योद्धा होने के साथ-साथ शिवाजी धर्म, राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक थे। शिवाजी ने 1674 में रायगढ़ को अपने राज्य की राजधानी बनाकर स्वतंत्र मराठा साम्राज्य की स्थापना की। यह दिन केवल जन्मदिन ही नहीं बल्कि छत्रपति के स्वाभिमान, साहस और राष्ट्र प्रेम का भी प्रतीक है।

(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, , ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**लोकलुभावन घोषणाओं पर बढ़ता खर्च**


सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*– अंकित श्रीवास्तव, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते उपग्रहों से बढ़ा संकट


पृथ्वी की कक्षा में तेजी से बढ़ती उपग्रहों की संख्या को लेकर वैज्ञानिकों और विधि विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताई है और चेतावनी दी है कि यदि प्रभावी नियमन नहीं किया गया तो अंतरिक्ष में उपग्रहों की टक्कर होने और पर्यावरणीय क्षति का बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। वैज्ञानिकों और विधि विशेषज्ञों का हालांकि मानना है कि समय रहते ठोस नीतिगत कदम उठाकर स्थिति को संभाला जा सकता है। अमेरिका के संघीय संचार आयोग (एफसीसी) के समक्ष 30 जनवरी 2026 को स्पेस एक्स ने समक्ष अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों को संचालित करने के लिए अधिकतम 10 लाख उपग्रहों को भेजने की अनुमति के लिए आवेदन दायर किया। प्रस्तावित योजना के तहत 500 से 2,000 किलोमीटर की ऊंचाई के बीच निम्न पृथ्वी कक्षा में उपग्रह स्थापित किए जाएंगे। कुछ कक्षाएं लगभग निरंतर सूर्य प्रकाश में रहने के लिए डिजाइन की गई हैं। इस प्रस्ताव पर फिलहाल सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित हैं। फरवरी 2026 तक पृथ्वी की कक्षा में करीब 14,000 सक्रिय उपग्रह मौजूद हैं, जबकि लगभग 12 .3 लाख प्रस्तावित उपग्रह परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा स्वीकृति प्रक्रिया मुख्यतः तकनीकी पहलुओं, जैसे रेडियो आवृत्तियों और प्रक्षेपण सुरक्षा, तक सीमित है।



## ऑफ बीट

# 22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम

विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था – यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।



## ट्रेंड

### द्विपक्षीय साझेदारी



क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच के साथ सार्थक चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी, नवाचार, जहाज निर्माण, नीली अर्थव्यवस्था और आईएमईईसी कॉरिडोर के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को गति देने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जयंती पर नमन



अध्यात्म और सत्यनिष्ठ जीवन के माध्यम से विश्वबंधुत्व का संदेश देने वाले रामकृष्ण परमहंस ने सम्पूर्ण मानव जाति को एक नई दिशा दी। महान संत रामकृष्ण परमहंस जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### बिजनेस-फ्रेंडली सिटी



दिल्ली में व्यापार करना पहले से अधिक आसान हुआ है। सिंगल विंडो सिस्टम से तेजी से अनुमतियां मिल रही हैं, लाइसेंसिंग प्रक्रिया सरल हुई है और बिना गारंटी के लोन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दिल्ली को बिजनेस-फ्रेंडली सिटी बनाने के लिए सरकार नीतियों में सुधार कर रही है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### दिव्यांग विश्वविद्यालय ठप



भाजपा सरकार के बजट ने प्रदेश के विशेष योग्यजनों को पूरी तरह निराश किया है। हमारी सरकार ने 2 दिव्यांग विश्वविद्यालय दिए, जिन्हें आज ठप कर दिया गया है। इनका काम आगे बढ़ता तो ये प्रदेश के दिव्यांगों के काम आते।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, बंगाल को हराकर फाइनल में 67 साल बाद एंट्री

**रणजी ट्रॉफी : बंगाल को 6 विकेट से दी शिकस्त, आकिब नबी ने चटकाए 9 विकेट**

एजेंसी ▶▶| कल्याणी

जम्मू कश्मीर ने सेमीफाइनल के चौथे दिन दो बार के पूर्व चैंपियन बंगाल को 6 विकेट से करारी शिकस्त देकर अपने 67 साल के इतिहास में पहली बार रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। बंगाल ने जम्मू कश्मीर के सामने 126 रन का लक्ष्य रखा था।

जम्मू कश्मीर में 34.4 ओवर में चार विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से वंशज शर्मा ने नाबाद 43 और अब्दुल समद ने नाबाद 30 रन बनाए। तेज गेंदबाज आकिब नबी ने मैच में 9 विकेट लेकर बंगाल की जीत की संभावनाओं को पूरी तरह से खत्म कर दिया था।

## जम्मू-कश्मीर को लगे पहली जीत दर्ज करने में 44 साल

जम्मू कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सत्र में रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और तब से लेकर अब तक उसे मजबूत दावेदार नहीं माना जाता था। जम्मू कश्मीर ने इस सत्र से पहले 334 रणजी मैच खेले थे, जिनमें से उसने केवल 45 जीते थे। उसे अपनी पहली जीत दर्ज करने में 44 साल लग गए, जो उसने 1982-83 में सेना के खिलाफ हासिल की थी। उसके लिए नॉकआउट में पहुंचना कभी आसान नहीं रहा लेकिन 2013-14 में उसे एक बड़ी सफलता मिली जब उसने नेट रन रेट के आधार पर गोवा को पीछे छोड़कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उसने 2015-16 में परवेज रसूल की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को हराकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी।



### वंशज-समद ने दिलाई ऐतिहासिक जीत

जम्मू कश्मीर ने मंगलवार को तीसरे के दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 43 रन बनाए थे। उसने चौथे दिन की शुरुआत में ही अविजित बल्लेबाज शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (09) के विकेट गंवा दिए, लेकिन वंशज और समद ने बंगाल के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया और 55 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### बंगाल नहीं उठा पाया बढ़त का फायदा

बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जम्मू कश्मीर ने 302 रन बनाए। बंगाल हालांकि पहली पारी की मामूली बढ़त का फायदा नहीं उठा पाया और उसकी टीम दूसरी पारी में केवल 99 रन पर आउट हो गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए नबी ने कहा, 'पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में हार गए थे, लेकिन हमने कड़ी मेहनत की और हम इसके हकदार थे।'

**आईसीसी रैंकिंग**

# ईशान की सुनामी, लगाई 17 पायदान की छलांग

## टॉप-10 में भारतीयों का दबदबा



एजेंसी ▶▶| दुबई

ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन जारी है। टी20 वर्ल्ड कप में बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। इसका फायदा टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में हुई है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को रैंकिंग जारी की। इशान किशन ने 17 स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में एंट्री कर ली है। टी20 में बल्लेबाजों की रैंकिंग की बात करें तो भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा है। शीर्ष-10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय हैं। अभिषेक शर्मा पहले, तिलक वर्मा चौथे, सूर्यकुमार यादव छठे और इशान किशन आठवें नंबर पर हैं। तिलक वर्मा को एक स्थान का फायदा हुआ है। अभिषेक और सूर्यकुमार के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### निसांका तीसरे नंबर पर पहुंचे



ईशान किशन के अलावा साउथ अफ्रीका के रयान रिकेल्टन ने 22 स्थान की छलांग लगाई है। वह 11 नंबर पर पहुंच गए। कप्तान एडेन मार्कराम ने 6 स्थान की छलांग लगाई है। वह 15वें नंबर पर पहुंच गए। टी20 वर्ल्ड कप में पहला शतक लगाने वाले पथुम निसांका ने तीन स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के ओपनर साहिबजादा फरहान को 2 स्थान का नुकसान हुआ है।



### अयूब-रजा के बीच दिलचस्प लड़ाई

टी20 में ऑलराउंडर्स की रैंकिगं में पाकिस्तान के सैम अयूब और जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा के बीच दिलचस्प लड़ाई चल रही है। अयूब 303 रेटिंग अंक के साथ पहले और सिकंदर रजा 297 रेटिंग अंक के साथ दूसरे नंबर पर हैं। हार्दिक पंड्या 282 रेटिंग अंक के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### चक्रवर्ती नंबर-1 गेंदबाज

टी20 में गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 796 रेंटिंग के साथ शीर्ष पर हैं। अफगाविस्तान के कप्तान राशिद खान एक स्थान ऊपर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के अबरार अहमद को एक स्थान का नुकसान हुआ है। वह तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे के ब्रैंड इवांस को 10 स्थान का फायदा हुआ। वह 5वें नंबर पर पहुंच गए।



## खबर संक्षेप



### डीएलटीए ने किया डेविस कप टीम को सम्मानित

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने चल रहे दिल्ली ओपन के दौरान नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय डेविस कप टीम को सम्मानित किया। भारत ने इस महीने की शुरु में बेंगलुरु में एक रोमांचक मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली नीदरलैंड की टीम को 3-2 से हराकर सितंबर में होने वाले क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय टीम की तब रैंकिंग 33 थी। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने कहा, 'डीएलटीए में हम हर स्तर पर भारतीय टेनिस का समर्थन करने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### 21 फरवरी से एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** सेना के हरमनजोत सिंह 12 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल होंगे, जो 21 फरवरी से जापान के फुकुओका में होने वाली 18वीं एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि टीम बुधवार को जापान के लिए रवाना होगी।

### मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम में चमक नहीं : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद कहा कि यह बहुत खराब अभियान रहा और मौजूदा टीम में वह चमक नहीं है, जो वैश्विक टूर्नामेंट में पिछली टीमों में हुआ करती थी। आईसीसी 'रिव्यू' में पोंटिंग ने कहा कि कागज पर यह टीम उन पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीम जैसी प्रभावशाली नहीं दिखती, जिन्होंने आईसीसी टूर्नामेंट में दबदबा बनाया था। पोंटिंग ने कहा, 'जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई टीम को कागज पर देखते हैं, तो उसमें वह आभा नजर नहीं आती जो कई अन्य ऑस्ट्रेलियाई टीम में आईसीसी टूर्नामेंट और विश्व कप से पहले दिखाई देती थी।'

## टूर्नामेंट में भारत अभी तक अजेय, लगातार चौथी जीत दर्ज की

**चार मैच में आठ अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर**

# दुबे और चक्रवर्ती ने नीदरलैंड पर 17 रन से दिलाई जीत



भाषा ▶▶| अहमदाबाद

शिवम दुबे के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में बुधवार को यहां नीदरलैंड को 17 रन से हराकर टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत चार मैच में आठ अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा जबकि नीदरलैंड ने अपने अभियान का अंत चार मैच में एक जीत से दो अंक के साथ किया। भारत के 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम चक्रवर्ती (14 रन पर तीन विकेट) और शिवम दुबे (35 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदों के सामने सात विकेट पर 176 रन ही बना सकी। नीदरलैंड की ओर से बास डि लीडे ने सर्वाधिक 33 रन बनाए। नोह क्रोस (12 गेंद में नाबाद 25 रन) तथा जैक लियोन कैशे (16 गेंद में 26 रन) ने सातवें विकेट के लिए 23 गेंद में 47 रन की साझेदारी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए। दुबे ने इससे पहले अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान 31 गेंद में छह छक्कों और चार चौकों से 66 रन की पारी खेलने के अलावा हार्दिक पंड्या (21 गेंद में 30 रन, तीन छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 35 गेंद में 76 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने छह विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (34) और तिलक वर्मा (31) ने भी उपयोगी पारियां खेली। दुबे और पंड्या 14वें ओवर में उस समय साथ आए जब भारत 110 रन पर चार विकेट गंवाकर संकट में था। इन दोनों की पारियों से भारत अंतिम पांच ओवर में 75 रन जोड़ने में सफल रहा। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज लोगान वान बीक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 56 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम अपना अगला मैच इसी मैदान पर सुपर आठ चरण में रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नीदरलैंड ने धीमी शुरुआत करते हुए पावर प्ले में एक विकेट पर 36 रन बनाए। टीम ने मैक्स ओडाउड (20) का विकेट गंवाया जिन्हें वरुण चक्रवर्ती ने छठे ओवर में बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज माइकल लेविट (24) ने पंड्या का स्वागत एक्सट्रा कवर पर चौके के साथ किया।

**भारत-193/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो दत्त | 00 |
| इशान किशन बो दत्त | 18 |
| तिलक का वान डेर बो वान बीक | 31 |
| सूर्यकुमार का स्थानापन्न बो क्लेन | 34 |
| दुबे का स्थानापन्न बो वान बीक | 66 |
| पंड्या का वान डेर मर्व बो वान बीक | 30 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 08

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर: 193 रन

विकेट पतन : 1-0, 2-39, 3-69, 4-110, 5-186, 6-193

गेंदबाजी : दत्त 4-0-19-2, वान बीक 4-0-56-3, एकरमैन 3-0-36-0, क्लेन 4-0-38-1, डि लीडे 4-0-28-0, वान डेर मर्व 1-0-15-0

**नीदरलैंड-172/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| माइकल का वाशिंगटन बो पंड्या | 24 |
| मैक्स ओडाउड बो चक्रवर्ती | 20 |
| बास डि लीडे का चक्रवर्ती बो दुबे | 33 |
| कोलिन का रिंकू बो चक्रवर्ती | 23 |
| आर्यन दत्त बो चक्रवर्ती | 00 |
| स्कॉट एडवर्ड्स बो बुमराह | 15 |
| जैक कैशे का वाशिंगटन बो दुबे | 26 |
| नोह क्रोस नाबाद | 25 |
| लोगान वान बीक नाबाद | 04 |

अतिरिक्त : 06

कुल : 20 ओवर में सात विकेट पर: 176 रन

विकेट पतन : 1-35, 2-51, 3-94, 4-94, 5-112, 6-125, 7-172

गेंदबाजी :अर्शदीप 3-0-22-0, बुमराह 3-0-17-1, वाशिंगटन 4-0-36-0, चक्रवर्ती 3-0-14-3, पंड्या 3-0-40-1, अभिषेक 1-0-10-0, दुबे 2-0-25-1

### दक्षिण अफ्रीका ने लगाया जीत का चौका



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने शानदार खेल जारी रखते हुए टी20 वर्ल्ड कप में लगातार चौथी जीत दर्ज की। उसने ग्रुप डी के अपने आखिरी मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को छह विकेट से मात दी। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 123 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने चार विकेट गंवाकर 14वें ओवर में हासिल कर लिया। इससे पहले यूएई की टीम पहले बैटिंग करते हुए छह विकेट पर 122 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से अलीशान शराफू ने सर्वाधिक 45 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका की तरफ से कॉर्बिन बॉश ने 12 रन देकर 3 विकेट लिए तो एनरिक नॉर्त्जे को 28 पर 2 दो सफलता मिली। कॉर्बिन बॉश प्लेयर ऑफ द मैच रहे। साउथ अफ्रीका ने पहले तीन मैच जीतकर सुपर 8 में जगह बना ली थी। वहीं यूएई इस रेस से बाहर था। लक्ष्य का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका को कप्तान एडन मार्करम ने आतिशी आगाज दिया। उन्होंने 11 गेंद में पांच चौकों व एक छक्के से 28 रन उड़ाए। क्विंटन डिकॉक 16 गेंद में 14 रन बनाकर आउट हुए। रयान रिकल्टन ने 16 में 30 तो डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में 36 रन बनाते हुए टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया।

# प्रीव्यू : तेज गेंदबाजों के दम पर टीम इंडिया का बढ़त हासिल करना लक्ष्य

**महिला टी20 : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज दोपहर 1.45 बजे से मुकाबला**

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को जब दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी तो वह पहले मैच में तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी ने पहले मैच में चार विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी को झकझोर दिया था। ऑस्ट्रेलिया की टीम 20 ओवर भी पूरे नहीं खेल पाई और केवल 133 रन पर आउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजों को हालांकि बारिश के कारण खेलने का खास मौका नहीं मिला। भारत ने यह मैच डकवर्थ-लुईस प्रणाली के आधार पर जीता, जिसमें केवल सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ही कुछ समय क्रीज पर बिता पाईं।



भारत एक बार फिर शेफाली की तूफानी शुरुआत पर निर्भर रहेगा, जिन्होंने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा मंधाना की करिश्माई बल्लेबाजी तथा कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इस साल इंग्लैंड में होने वाले महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए भारत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है। तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने से भारत को आत्मविश्वास मिलेगा । नई कप्तान सोफी मोलिनी की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बदला लेने और श्रृंखला बराबर करने के लिए बेताब होगी।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर मुन्से को आईसीसी की फटकार

**मुंबई।** स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से को यहां नेपाल के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच के दौरान विज्ञापन बोर्ड पर अपना हेलमेट फेंकने के लिए फटकार लगाई गई है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है।



मुन्से को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या पोशाल, मैदान के उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है। इसके अलावा मुन्से के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

## 35वां मुकाबला : नामीबिया को हराकर 'सुपर-8' में पाकिस्तान, फरहान का नाबाद शतक

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

पाकिस्तान ने बुधवार को टी20 वर्ल्ड कप के 35वें मुकाबले में नामीबिया के खिलाफ 102 रन से जीत दर्ज करते हुए 'सुपर-8' में जगह बना ली है। सुपर-8 में पाकिस्तानी टीम 21 फरवरी को न्यूजीलैंड के विरुद्ध मुकाबला खेलेगी, जिसके बाद 24 फरवरी को इंग्लैंड से उसकी भिड़ंत होगी। पाकिस्तान सुपर-8 के अपने अंतिम मैच में श्रीलंकाई टीम को चुनौती देगा। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम ने 3 विकेट खोकर 199 रन बनाए।



### नामीबियाई टीम 97 रन पर सिमटी

इसके जवाब में नामीबियाई टीम 17.3 ओवरों में महज 97 रन पर सिमट गई। नामीबिया की तरफ से लौरेन स्टीनकैंप ने 23 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि अलेक्जेंडर वोल्शेंक ने 20 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। पाकिस्तान की तरफ से उस्मान तारिक ने 3.3 ओवरों में 16 रन देकर 4 विकेट निकाले, जबकि शादाब खान ने 3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, सलमान मिर्जा और मोहम्मद नवाज ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

*फरीदाबाद निवासी प्रमोद और अभिषेक ने आयोजन में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका*

# प्रमोद पाठक और अभिषेक का एशियन शूटिंग में सम्मान

*चैंपियनशिप में 19 देशों के 625 खिलाड़ियों ने भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

नेशनल राइफल एसोसिएशन के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रमोद पाठक और एडमिनिस्ट्रेटिव असिस्टेंट अभिषेक वर्मा को एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। प्रमोद पाठक और अभिषेक को नई दिल्ली में आयोजित एशियन राइफल/पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के आयोजन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

चैंपियनशिप 14 फरवरी को समाप्त हुई है। इस चैंपियनशिप में 19 देशों के 625 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पदक तालिका में भारत शीर्ष पर रहा। प्रोटोकॉल ऑफिसर के रूप में प्रमोद पाठक तथा संगठन सहायक के रूप में अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फरीदाबाद निवासी प्रमोद पाठक तथा अभिषेक वर्मा की देखरेख में इस विशाल आयोजन का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित हुआ। नेशनल राइफल एसोसिएशन नई दिल्ली की संस्तुति पर इन्हें एशियन कॉन्फेडरेशन द्वारा उन्हें खिलाड़ियों की देखभाल एवं समन्वय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में खिलाड़ियों की हर प्रकार की व्यवस्था, उनके हथियारों की देखभाल, खिलाड़ियों की ट्रैवलिंग, हॉस्पिटैलिटी के साथ साथ वीआईपी मूवमेंट की व्यवस्था एवं समन्वय शामिल था।





**रिंडरकनेच को हराकर 150वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट हासिल की फतह**

# कतर ओपन : अल्काराज की जीत के साथ शानदार शुरुआत

एजेंसी ▶▶| दोहा

कार्लोस अल्काराज ने कतर ओपन की शुरुआत जीत के साथ की है। अल्काराज ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 7-6 (5) से हराकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। 22 साल के अल्काराज ने दूसरे सेट में सर्विस पर दो सेट पॉइंट बचाए और फिर टाई-ब्रेक में जीत हासिल करके अपनी 150वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत हासिल की।<जीत के बाद अल्काराज ने कहा, "यह सच में मुश्किल था। आर्थर सच में एक खतरनाक खिलाड़ी है। कोई भी उसके खिलाफ पहले राउंड में नहीं खेलना चाहता। मुझे खुशी है कि मैं मैच में मुश्किल पलों से निकल गया। मुझे खुशी है कि मैं शांत और सकारात्मक रहा, और शानदार टेनिस खेला।"



### अगला मुकाबला वैलेन्टिन रॉयर से

अल्काराज पिछले साल दोहा में अपने डेब्यू के नतीजे को बेहतर करना चाहते हैं, जहां वह क्वार्टर-फाइनल में जिरी लेहेका से हार गए थे। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी का अगला मुकाबला फ्रेंचमैन वैलेन्टिन रॉयर से होगा। अल्काराज चैंपियनशिप मैच में दूसरे सीड सिनर से भिड़ सकते हैं। इससे पहले, स्पेन के इस खिलाड़ी का क्वार्टर-फाइनल में करेन खाचानोव से मुकाबला हो सकता है।

### खाचानोव ने मोचिजुकी को 6-1, 3-6, 6-4 से दी मात

एक अन्य मैच में खाचानोव ने लकी लूजर शिंटारो मोचिजुकी को 6-1, 3-6, 6-4 से हराया। सातवें सीड वाले खाचानोव का दूसरे राउंड में मार्टन फुकसोविक्स से मुकाबला होगा। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन एंड्री रुबलेव ने बाद में धीमी शुरुआत से उबरते हुए अपने शुरुआती मैच में जेस्पर डी जोंग पर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। पांचवें सीड, जिन्होंने 2020 में दोहा ट्रॉफी भी जीती थी, जब यह एटीपी 250 था, अब उनका सामना फैबियन मारोजसन से होगा, जिन्होंने उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-1 से हराया। स्टेफानोस त्सित्सिपास ने ट्यूनीशियाई वाइल्ड कार्ड मोएज इचारगुई पर 6-4, 6-4 से जीत के साथ अपने दोहा कैंपेन की शुरुआत की और लंबे समय के प्रतिद्वंद्वी डेनियल मेदवेदेव के साथ दूसरे राउंड का मुकाबला बुक किया।




## खबर संक्षेप

### सीएम रेखा 50वें मातृश्री अवॉर्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को 50वें मातृश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज और जनता के प्रति उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। अवॉर्ड समिति के संयोजक चेतन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विवेक शर्मा, महामायी सेवा न्यास के दीपक बजाज तथा समिति सदस्य बिट्टी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को भारत माता की प्रतिमा और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### होली पर आ सकती है ईपीएफओ पर खुशखबरी




**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ से जुड़ी एक अहम खबर सामने आ रही है। ईपीएफओ पर होली पर खुशखबरी आ सकती है। वही वित्त वर्ष 2026 के लिए पीएफ खातों पर मिलने वाली ब्याज दर बढ़ेगी या फिर जितनी है उतनी ही रहेगी इसका ऐलान सिर्फ 11 दिनों में होने जा रहा है। बाजार में उतार चढ़ाव के बावजूद ईपीएफओ ने स्थिर रिटर्न देने की कोशिश की है। यही वजह है कि ब्याज दर को स्थिर रखना एक सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। हालांकि अंतिम फैसला बैठक के बाद ही साफ होगा।मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार, 2 मार्च को होने वाली सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में ब्याज दर पर अंतिम निर्णय हो सकता है।

## कांग्रेस नेता गोगोई ने बोला सीएम सरमा पर बड़ा हमला

# 'असम के जिन्ना' हैं हिमंत बिस्वा सरमा, गौरव गोगोई ने लगाया कांग्रेस के काफी सीक्रेट लीक करने का आरोप

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा पर कांग्रेस के नेता और राज्य ईकाई के प्रमुख गौरव गोगोई ने बड़ा हमला बोला है। गोगोई ने कहा है पहले ऐसी बातें आती थीं कि भूपेन बोरा और सरमा मिले हैं लेकिन कभी यकीन नहीं किया।

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

काफी मान-मनौव्वल के बाद भी कांग्रेस नेता भूपेन बोरा 22 फरवरी को फाइनली बीजेपी में शामिल होंगे। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की पुष्टि के बाद कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने अब मोर्चा खोला है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हिमंत बिस्वा सरमा को असम का जिन्ना करार दिया।

गोगोई ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंत बिस्वा सरमा और भूपेन बोरा पर जमकर हमले किए। उन्होंने बोरा पर पार्टी की मीटिंग की जानकारी लीक करने का आरोप भी लगाया।

*हिमंत ने बोरा को बताया सबसे ईमानदार हिंदू नेता*

*भूपेन 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे*


सीएम हिमंता बिस्वा सरमा एवं गौरव गोगोई

### कांग्रेस पर नहीं पड़ेगा फर्क

कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस ने अपने अभियान के जरिए हिमंत बिस्वा सरमा के रियल एस्टेट एम्पायर का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि भूपेन बोरा के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बीजेपी सरकार की विदाई होगी। गौरव गोगोई ने कहा कि कुछ दिन पहले हिमंत बिस्वा सरमा ने सार्वजनिक तौर पर भूपेन बोरा की बुराई की थी। बोरा के खिलाफ महिला आयोग की जांच चल रही है। अब हिमंत उन्हें सबसे ईमानदार हिंदू नेता बता रहे हैं।

**अफवाहों पर नहीं किया भरोसा**

गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा और भूपेन बोरा के बीच करीबी रिश्तों के बारे में पहले से अफवाहें थीं, जिस उन्होंने कभी भरोसा नहीं किया। वह अक्सर हैरान रहते थे कि पार्टी की सीक्रेट मीटिंग की जानकारी हिमंत बिस्वा सरमा के करीबी पत्रकार को कैसे मिल जाती है। भूपेन बोरा के इस्तीफे से यह सच सामने आ गया है।

### चार साल प्रदेश अध्यक्ष रहे बोरा

भूपेन बोरा 2021 से 2025 तक असम कांग्रेस के प्रेसिडेंट रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने अपने फैसले का बचाव भी किया। बोरा ने कहा कि उन्होंने एक महीने पहले गौरव गोगोई को एक लेटर लिखा था, जिसमें उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की चेतावनी दी थी क्योंकि उनका कांग्रेस में अपमान हो रहा था। उन्होंने बताया कि इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने उनसे बात की और 2007 से अपने रिश्ते की याद दिलाई मगर इस्तीफे में लिखे गए मुद्दों का जिक्र भी नहीं किया। भूपेन बोरा ने दावा किया था कि गौरव गोगोई का पार्टी पर कोई कंट्रोल नहीं है। धुबरी के सांसद रकीबुल हुसैन ही पार्टी के फैसले कर रहे हैं।

### कई राजनीतिक दलों का अस्तित्व खतरे में

गोगोई ने पूर्व सीएम सोनोवाल का जिक्र करते हुए कहा सरबानंद सोनोवाल और कई अन्य लोगों का उदाहरण हम देख सकते हैं। एजीपी पार्टी (सोनोवाल की पिछली पार्टी) विलुप्त होने की कगार पर है। मुझे नहीं लगता कि भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने के बारे में विशेष रूप से कुछ कहने की जरूरत है। आगामी विधानसभा चुनावों में मुकाबला 'असली कांग्रेस और पुरानी कांग्रेस' के बीच होगा।

## भारतीय सेना की टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर बड़ी पहल

# सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई, हथियार बनेंगे स्मार्ट, बढ़ेगी सटीकता

*एआई की मदद से सेनाएं अपनी युद्धक तैयारी को नए स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही हैं। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे।?*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी। बुधवार को 'स्मार्टाइजिंग द किल चेन' विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिए हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे।

**हथियारों के मेंटनेंस के फैसले तेजी से लिए जाएंगे**


सैन्य अभ्यास करती हुई भारतीय सेना।

*सेना के अनुसार सबसे अहम बात यह रही कि अब इंजीनियरिंग सपोर्ट सीधे कमांड फैसलों से जुड़ा होगा। कमांडर को रियल टाइम में पता होगा कि किस यूनिट के पास कौन सा उपकरण पूरी तरह तैयार है और कौन सा सिस्टम मेंटेनेंस में है। यानी फैसले और भी तेज और सटीक होंगे। इस कार्यक्रम ने संकेत दिया है कि इंडियन आर्मी सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि 'स्मार्ट वॉरफेयर सिस्टम' तैयार कर रही है। स्वदेशी नवाचार, इंडस्ट्री और अकादमिक जगत के साथ साझेदारी और एआई आधारित समाधान के जरिए सेना भविष्य की जंग के लिए खुद को पूरी तरह तैयार कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है अब लड़ाई सिर्फ मैदान में नहीं, डेटा और एल्गोरिद्म के स्तर पर भी लड़ी जाएगी और इंडियन आर्मी उस दिशा में तेजी से आगे बढ़ चुकी है।*

## पार्टी के मुखपत्र सामना ने उठाए सवाल

# इंडिया ब्लॉक चौराहे पर, आंतरिक कलह और नेतृत्व एक बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी दल शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे यूबीटी ने बुधवार को दावा किया कि इंडिया ब्लॉक अब एक चौराहे पर खड़ा है, और उसे आंतरिक बहस से आगे बढ़कर यह तय करना होगा कि ममता बेनर्जी, एमके. स्टालिन या कोई अन्य व्यक्ति राष्ट्रीय संकट में उनका नेतृत्व करेगा या नहीं। महत्वपूर्ण क्षेत्रीय चुनावों से पहले ब्लॉक और कांग्रेस पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व को लेकर चल रही बहसें एकता को कमजोर करने की धमकी दे रही हैं।


राहुल गांधी ममता बेनर्जी, सीएम

### आपसी टकराव की स्थिति?

संपादकीय के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में गठबंधन के दल एक-दूसरे के खिलाफ ही चुनाव लड़ते दिख रहे हैं। इसमें पश्चिम बंगाल में तृणमूल और कांग्रेस आमने-सामने हैं, वहीं केरल में लेफ्ट और कांग्रेस में भी मुकाबला है। इसके साथ महाराष्ट्र में स्थानीय स्तर पर विभाजन से भाजपा को फायदा हुआ है। शिवसेना यूबीटी का कहना है संसद का हंगामा अलग है, लेकिन देश में लोगों की सोच बदल रही है। विपक्षी इंडिया गठबंधन को जल्द फैसला करना होगा कि उनका नेतृत्व कौन करेगा- ममता, स्टालिन या कोई तीसरा नेता?

## किसान साथियों की गिरफ्तारी के विरोध में कर रहे थे प्रदर्शन

# बठिंडा में जमकर हंगामा, किसानों पर पुलिस का लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले भी दागे

एजेंसी ▶▶ बठिंडा

बठिंडा जिले के ज्योंद्द गांव में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए, जब किसानों और पंजाब पुलिस के बीच तीखी झड़प देखने को मिल। भारतीय किसान एकता (उग्राहां) से जुड़े किसान अपने दो साथियों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने प्रदर्शन को रोकने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार, भारतीय किसान एकता उग्राहां के बैनर तले किसान बठिंडा के कलेक्टर दफ्तर के पास धरना देने की तैयारी में थे। इससे पहले ही पुलिस गांव ज्योंद्द पहुंच गई, जहां किसान इकट्ठा थे। किसानों का कहना है कि बिना किसी उकसावे के पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी, जबकि प्रशासन का दावा है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाए गए।

किसान पिछले साल स्कूल विवाद से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किए गए अपने दो साथियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर बठिंडा प्रशासन और किसानों के बीच पहले भी कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। इसी के चलते एक बार फिर टकराव की स्थिति बन गई। इस घटना पर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने बठिंडा में किसानों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल की निंदा करते हुए कहा कि यह पूरी तरह निंदनीय है।


बठिंडा के ज्योंद्द गांव में किसानों और पंजाब पुलिस के बीच झड़प हुई।

## राजनाथ और रक्षा मंत्री कैथिरन की मौजूदगी में हुए समझौते

# भारतीय सेना में तैनात होंगे फ्रांसीसी कमांडो, कांप उठा चीन-पाकिस्तान !



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और फ्रांस के बीच हुई हालिया डिफेंस डील ने रक्षा क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है।

एआई समिट के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मुलाकात ने सैन्य सहयोग को रणनीतिक से अटूट बना दिया है। इस दौरे की सबसे बड़ी खबर थल सेनाओं के बीच अधिकारियों की अदला-बदली और स्वदेशी राफेल निर्माण को लेकर है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांसीसी रक्षा मंत्री कैथरिन वातारिन की मौजूदगी में हुए ये समझौते भारत को ग्लोबल डिफेंस हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। भारत और फ्रांस ने अगले दस वर्षों के लिए एक-दूसरे की थल सेना में सैन्य अधिकारियों को तैनात करने का फैसला किया है। भारतीय सेना के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी दूसरे देश के अधिकारी हमारी जमीन पर तैनात होंगे।

वैसे तो यह दोनों के लिए फायदेमंद है, लेकिन जानकारों का मानना है कि फ्रांस को इससे ज्यादा लाभ होगा। यूक्रेन युद्ध की आहट के बीच, फ्रांस भारतीय सेना से कठिन परिस्थितियों में युद्ध लड़ने की बारीकियां सीखना चाहता है।




## 2024 की जुलाई क्रांति के बाद इसे संग्रहालय में बदल दिया गया था

# बांग्लादेश का प्रधानमंत्री आवास गणभवन बनेगा म्यूजियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डेढ़ दशक से अधिक समय बाद बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी बीएनपी की सरकार बनी है। 12 फरवरी को हुए 13वें संसदीय चुनाव में भारी जीत के बाद लोगों में उत्साह का माहौल है। नई सरकार के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान 17 फरवरी को शपथ ग्रहण कर चुके हैं, लेकिन एक सवाल अब भी राजनीतिक हलकों में गूंज रहा है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान का स्थायी निवास क्या होगा?

*गणभवन अब जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय में परिवर्तित*

*जमुना गेस्ट हाउस नए प्रधानमंत्री का संभावित निवास*

### गणभवन का इतिहास



ढाका के शेर -ए-बांग्ला नगर में स्थित 'गणभवन' का शाब्दिक अर्थ 'जनता का घर' है। बंगलादेशी संसद भवन के उत्तर में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास था। 2024 की जुलाई क्रांति के बाद, इस निवास को एक संग्रहालय में बदल दिया गया जिसका नाम जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय रखा गया।

**जमुना गेस्ट हाउस बन रहा प्रमुख विकल्प**

*हाउसिंग एंड पब्लिक वर्क्स मिनिस्ट्री ने इस बाबत तैयारी पूरी कर ली है। पुराने पीएम आवास 'गणभवन' को जुलाई मेमोरियल म्यूजियम में बदल दिए जाने के बाद राज्य अतिथि गृह 'जमुना' को नए प्रधानमंत्री के निवास के रूप में तैयार किया जा रहा है। डॉ. मोहम्मद यूनुस ने भी इसे अपने ठहरने के स्थान के तौर पर इस्तेमाल किया था।*

### शेख मुजीबुर रहमान से नाता

बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संसदीय सरकार की स्थापना के बाद प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान का कार्यालय बेली रोड स्थित 'राष्ट्रपति भवन' के नाम से जाना जाता था, जिसे वे 'गणभवन' कहते थे। कार्यालय के लिए अपर्याप्त स्थान के कारण, 1973 के आम चुनाव के बाद, उन्होंने शेर-ए-बांग्ला नगर में गणभवन का निर्माण अपने आधिकारिक निवास और सचिवालय के रूप में करवाया, हलांकि वे कभी वहां नहीं रहे। अगले साल इसके पूरा होने के बाद, उन्होंने 1975 तक वहां काम किया और बाद में इसका उपयोग मार्शल लॉ प्रशासनों द्वारा कोर्ट-मार्शल के रूप में किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28